

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 सितंबर, 2025 को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा करते हुए।
...

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 सितंबर, 2025 को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा करते हुए।

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 265 | रायपुर | रविवार 21 सितंबर 2025 | विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## सस्ता हुआ ट्रेन में मिलने वाला पानी 'रेल नीर', अब देने होंगे सिर्फ इतने रुपये

एजेंसी नई दिल्ली

ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में मिलने वाली रेल नीर पानी की बोतल सस्ती हो गई है। रेलवे ने इसकी कीमतों में कटौती की है, जिससे यात्रियों को सीधे फायदा होगा।

**नई कीमतें 22 सितंबर से लागू** रेलवे के वाणिज्यिक विभाग ने आदेश जारी किया है कि 22 सितंबर से रेल नीर की बोतलें सस्ती मिलेंगी। 1 लीटर बोतल अब 15 रु की बजाय 14 रु में उपलब्ध होगी। आधा लीटर बोतल अब 10 रु की जगह 9 रु में मिलेगी।

हालांकि, यह बदलाव केवल रेल नीर ब्रांड पर लागू होगा। अन्य कंपनियों की पानी की बोतलों की कीमतें जस की तस रहेंगी। रेलवे का कहना है कि इस फैसले से यात्रियों को कम कीमत पर साफ और सुरक्षित पीने का पानी मिलेगा। जो यात्री लंबी यात्रा के दौरान बार-बार पानी खरीदते हैं, उनके लिए यह राहत की खबर है। रेलवे का उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण पैकेज्ड पानी यात्रियों को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जा सके।

### गुजरात के भावनगर से देशवासियों को मोदी का संदेश

# 100 दुखों की एक ही दवाई है आत्मनिर्भर भारत

नईदिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज, 20 सितंबर को गुजरात के भावनगर में 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा शत्रु कोई और नहीं, बल्कि विदेशी निर्भरता है, जिसे हर हाल में समाप्त करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि100 दुखों की एक ही दवाई है और वो है आत्मनिर्भर भारत बनाना। उन्होंने कहा कि चाहे चिप्स हों या शिप्स, हमें उन्हें भारत में ही बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही 140 करोड़ भारतीयों का भविष्य सुनिश्चित कर सकता है।



**प्रधानमंत्री ने कहा कि अब से बड़े जहाजों को 'इन्पफ्रास्ट्रक्चर' का दर्जा दिया गया है, जिससे भारतीय शिपबिल्डिंग कंपनियों को बैंक ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी और उन्हें कम ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी। उन्होंने 'वन नेशन, वन डॉक्यूमेंट' और 'वन नेशन, वन पोर्ट प्रोसेस' की शुरुआत की भी घोषणा की, जिससे समुद्री व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समुद्री क्षेत्र के लिए तीन प्रमुख योजनाओं पर काम हो रहा है, जिनमें आधुनिक तकनीक को अपनाना, डिजाइन व गुणवत्ता सुधारना और वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है। इन योजनाओं में आगामी वर्षों में 70,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा।**



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक समय में समुद्री शक्ति और जहाज निर्माण का वैश्विक केंद्र था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण देश की जहाज निर्माण प्रणाली ध्वस्त हो गई और भारत को विदेशी जहाजों पर निर्भर रहना पड़ा। उन्होंने बताया कि आज भारत के 95 प्रतिशत समुद्री व्यापार पर विदेशी जहाजों का नियंत्रण है और देश हर वर्ष लगभग 75 बिलियन डॉलर यानी लगभग 6 लाख करोड़ रुपये विदेशी शिपिंग सेवाओं पर खर्च करता है, जो भारत के रक्षा बजट के बराबर है। यदि पूर्ववर्ती सरकारें जहाज निर्माण क्षेत्र को समर्थन देतीं, तो भारत आज वैश्विक समुद्री व्यापार में एक अग्रणी शक्ति होता।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की समृद्ध समुद्री विरासत की चर्चा करते हुए कहा कि गुजरात और खासकर सौराष्ट्र क्षेत्र ने ऐतिहासिक रूप से जहाज निर्माण और समुद्री व्यापार में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने लोथल में एक विश्वस्तरीय समुद्री संग्रहालय बनाए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि भारत का पहला डीप-वाटर कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट पोर्ट केरल में शुरू हो चुका है और महाराष्ट्र के वधावन में 75,000 करोड़ रुपये की लागत से एक और विश्वस्तरीय बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है, जो दुनिया के टॉप-10 बंदरगाहों में शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत की पोर्ट क्षमता दोगुनी हो गई है और शिप टर्न-अराउंड टाइम दो दिन से घटकर एक दिन से भी कम हो गया है। उन्होंने बताया कि आज भारत में तीन लाख से अधिक सीफेयरर्स हैं, जबकि एक दशक पहले यह संख्या 1.25 लाख से भी कम थी। भारत आज दुनिया के उन शीर्ष तीन देशों में शामिल है, जो सबसे अधिक समुद्री पेशेवर प्रदान करते हैं।

अपने संबोधन के आखिर में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने दुकानदारों से अनुरोध किया कि वे अपनी दुकानों पर यह संदेश लगाएं- ÷गर्व से कहो, यह स्वदेशी है।÷ उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता की भावना ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगी और हर त्योहार को भारत की समृद्धि का उत्सव बनाएगी।

## चुनाव आयोग का बड़ा ऐक्शन, 808 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन खत्म




नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 474 दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इससे पहले अगस्त में भी आयोग ने 334 दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त किया था। इस तरह, केवल दो महीनों के भीतर कुल 808 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म किया जा चुका है।

**क्यों हुई कार्रवाई?**

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार, किसी भी पंजीकृत राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेना अनिवार्य है। यदि कोई दल लगातार 6 साल तक चुनावों से दूर रहता है, तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है। चुनाव आयोग ने इन्हीं नियमों के तहत यह कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि पंजीकृत राजनीतिक दलों को टैक्स छूट समेत कई तरह की रियायतें मिलती हैं। कई दल बीते 6 वर्षों से चुनाव नहीं लड़ रहे थे, लेकिन फिर भी इन रियायतों का लाभ उठा रहे थे। ऐसे दलों पर अब आयोग ने शिकंजा कस दिया है। चुनाव आयोग ने 2019 के बाद से ही ऐसे निष्क्रिय दलों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया था। इसी कड़ी में पहले दौर की कार्रवाई 9 अगस्त को हुई थी, जबकि दूसरा चरण 18 सितंबर को पूरा किया गया। अब तक कुल 808 दल पंजीकरण से बाहर हो चुके हैं।

## दीवाली व दूसरे त्योहारों पर बंद करें गिफ्ट देना' वित्त मंत्रालय का सरकारी विभागों को निर्देश

**नई दिल्ली एजेंसी।** त्योहारों पर मिलने वाला छोटा-सा गिफ्ट, कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान लाता है और उत्साह दोगुना कर देता है। लेकिन अब केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सुमंत्र पाल ने लोक उद्यम विभाग (DPE) को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSU) में दीवाली सहित अन्य त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। आर्थिक सलाहकार ने लोक उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखे पत्र में कहा है, यह देखने में आया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली सहित दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रेक्टिस है। अर्थव्यवस्था में पब्लिक रिसोर्स का न्यायपूर्ण इस्तेमाल हो, इसके लिए ऐसी प्रेक्टिस पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसके चलते अब सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रेक्टिस को बंद कर दें। किसी भी त्योहार पर गिफ्ट का आदान प्रदान रोक दें। आर्थिक सलाहकार ने कहा है कि इन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। गिफ्ट देने की परंपरा से सरकारी खर्च बढ़ता है और पब्लिक रिसोर्स का न्यायपूर्ण उपयोग प्रभावित होता है। इसलिए सीपीएसयू को ऐसे खर्च रोकने चाहिए और त्योहारों पर गिफ्ट का आदान-प्रदान पूरी तरह बंद होना चाहिए।

## एयरपोर्ट सिस्टम पर साइबर अटैक हुआ फेल, यूके-बेल्जियम समेत यूरोप के कई देशों में उड़ानें रद्द

एजेंसी नई दिल्ली.

यूरोप के कई प्रमुख हवाई अड्डों पर शनिवार 20 सितम्बर को साइबर हमला हुआ. इनमें लंदन का हीथ्रो, बेल्जियम का ब्रुसेल्स और जर्मनी के बर्लिन एयरपोर्ट शामिल थे. ये हमले चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस देने वाली कंपनी कोलिंस एयरस्पेस को निशाना बनाकर किए गए.

साइबर अटैक की वजह से कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी, फ्लाइट ऑपरेशन में देरी हुई और हजारों यात्रियों को परेशानी की सामना करना पड़ा. यूरोप के कई हवाई अड्डों ने यात्रियों को अपना फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है. एयरलाइंस ने असुविधा के लिए यात्रियों से माफी भी मांगी है.

**मैनुअल चेक इन की सुविधा जारी**

ब्रुसेल्स एयरपोर्ट ने एक बयान में कहा कि हमले का मतलब है कि वहां केवल मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग ही संभव है. बर्लिन के ब्रांडेनबर्ग एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि पैसेंजर हैंडलिंग सिस्टम के एक सर्विस प्रोवाइडर पर भी हमला हुआ इसके बाद एयरपोर्ट के संचालकों को सिस्टम से कनेक्शन काटना पड़ा. यूरोप के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे हीथ्रो ने इसे तकनीकी समस्या बताया. एयरपोर्ट ने कहा कि इससे चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम सर्विस प्रभावित हुई है. हीथ्रो ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा, दुनिया भर के कई एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम सर्विस देने वाली कंपनी तकनीकी समस्या का सामना कर रही है. इससे प्रस्थान करने वाले यात्रियों को देरी हो सकती है. वहीं फ्रांस ने कहा कि साइबर अटैक का असर केवल कुछ हवाई अड्डों पर ही महसूस किया गया है.



**इन सर्विस प्रोवाइडर पर अटैक हुआ**

कोलिन्स एयरोस्पेस के पोर्टल पर साइबर हमला हुआ है. यह एक अमेरिकी कंपनी विमानन और रक्षा तकनीक कंपनी है. यह आरटीएक्स कॉर्प की सहायक कंपनी है, जिसे पहले रेथियॉन टेक्नोलॉजीज कहा जाता था. कंपनी ने बताया कि वह यात्रियों को सीधे चेक-इन करने की सुविधा नहीं देती, लेकिन ऐसी तकनीक बनाती है जिससे यात्री खुद ही कियोस्क मशीन से चेक-इन कर सकते हैं, बोर्डिंग पास और बैग टैग छाप सकते हैं और अपना सामान खुद भेज सकते हैं।

## कौशाम्बी में जुमे की नमाज के बाद लगाए 'सिर तन से जुदा' के नारे, 10 हिरासत में



**एजेंसी।** नमाज के बाद शाम मंझनपुर कस्बे में कुछ लोगों ने जुलूस निकालकर आपत्तिजनक नारेबाजी की। गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सिर तन से जुदा जैसे नारे लगाए गए जिसका वीडियो वायरल होते ही माहौल गरमा गया। पुलिस ने दस आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद महिलाओं ने कोतवाली का घेराव कर दिया। बाद में माफी मांगने पर सात नाबालिगों को छोड़ दिया गया।

## सुरक्षाबलों ने जेएंडके में आतंकवाद के खिलाफ चलाया अभियान, बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शनिवार को आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रहा, जबकि पुंछ जिले में संयुक्त बलों ने एक अन्य अभियान में युद्ध के सामान जैसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। नागराटो स्थित भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने अपने आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादियों से मुठभेड़। किश्तवाड़ के इलाके में इंटेलिजेंस के आधार पर किए गए ऑपरेशन में व्हाइट नाइट कॉर्प्स की सतर्क टुकड़ियों ने 19 सितंबर 2025 को रात 8 बजे के करीब आतंकवादियों से संपर्क



किया। गोलीबारी हुई। ऑपरेशन अभी भी जारी है। पूंछ जिले में एक अन्य संयुक्त अभियान में युद्ध के सामान जैसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर एक दूसरे पोस्ट में लिखा, संयुक्त ऑपरेशन 7 युद्ध सामग्री बरामद। इंटेलिजेंस के आधार पर जेकेपी के साथ संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान व्हाइट नाइट कॉर्प्स के सैनिकों ने पुंछ सेक्टर में एक हथियार (एके सीरीज), चार एके मैगजीन, 20 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। सर्च ऑपरेशन जारी है।

जम्मू-कश्मीर में संयुक्त सेनाएं आतंकवादियों, उनके सहयोगियों और समर्थक तत्वों के खिलाफ लगातार बड़े पैमाने पर अभियान चला रही हैं।

ड्रग स्मगलिंग और ड्रग्स बेचने वाले भी संयुक्त सुरक्षा बलों के रडार पर हैं, क्योंकि खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ड्रग स्मगलिंग और हवाला मनी रैकेट से इकट्ठा किया गया पैसा अंततः केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों को फंडिंग करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

विश्व | सरकार ने जारी की चेतावनी

## ईरान में नौकरी का झांसा : भारतीय नागरिक बन रहे अपहरण और फिरौती का शिकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को ईरान में रोज़गार के नाम पर चल रही एक खतरनाक धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया है। हाल ही में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां नौकरी के झूठे वादे पर ईरान गए भारतीयों को आपराधिक गिरोहों द्वारा अगवा कर लिया गया और उनके परिवारों से मोटी फिरौती की मांग की गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, धोखेबाज़ एजेंट भारतीय नागरिकों को ईरान के रास्ते अन्य देशों में आकर्षक नौकरियों का लालच देते हैं। वे उन्हें यह कहकर फुसलाते हैं कि ईरान पहुंचने के बाद उन्हें आसानी से दूसरे देशों में काम के लिए भेज दिया जाएगा।

लेकिन ईरान की धरती पर कदम रखते ही इन भारतीय नागरिकों का सामना आपराधिक गिरोहों से होता है। ये गिरोह उन्हें बंधक बना लेते हैं और फिर भारत में उनके परिवार वालों को फोन कर उनकी रिहाई के बदले में फिरौती की मांग करते हैं।



इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, सरकार ने एक कड़ी चेतावनी जारी की है। एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी भारतीय नागरिक ऐसे किसी भी रोज़गार प्रस्ताव से अत्यंत सतर्क रहें। यह विशेष रूप से ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ईरान सरकार ने भारतीय नागरिकों को केवल पर्यटन के उद्देश्य से वीज़ा-मुक्त प्रवेश की अनुमति दी है। सरकार ने सचेत किया है कि जो एजेंट रोज़गार या किसी अन्य कारण से बिना वीज़ा ईरान में प्रवेश का आश्वासन देते हैं, वे संभवतः इन आपराधिक गिरोहों से मिले हो सकते हैं। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे ऐसे किसी भी झांसे में न आएं और अपनी सुरक्षा को जोखिम में न डालें।

# एच-1बी वीज़ा पर ट्रंप के आदेश के बाद इमिग्रेशन कंपनियों में खलबली

### तुरंत वापिस लौटें, नहीं तो फंसने का खतरा,

न्यूयॉर्क ,लोकशक्ति।

माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी टेक फर्मों ने एच-1बी वीजा वाले अपने उन कर्मचारियों को जो अभी अमेरिका के बाहर हैं, तुरंत अमेरिका वापस लौटने की सलाह दी है। कंपनी द्वारा यह सलाह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की फीस लागू होने की 21 सितंबर की डेडलाइन से पहले दी गई है।

अमेरिकी प्रशासन ने सभी वीजा पर सालाना 1 लाख डॉलर की फीस लगाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह नया नियम 21 सितंबर से लागू होगा और 12 महीने तक रहेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट और जेपी मॉर्गन जैसी कंपनियों ने अमेरिका में मौजूद अपने एच-1बी वीजा कर्मचारियों को आने वाले समय में देश में ही काम जारी रखने और आगे नए निर्देश मिलने तक अंतरराष्ट्रीय यात्रा न करने का निर्देश दिया है। माइक्रोसॉफ्ट ने कथित तौर पर एच-4 वीजा धारकों को भी अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है। कंपनी ने कहा, ÷हम एच-1बी वीजा और एच-4 वीजा धारकों को कल डेडलाइन से पहले अमेरिका वापस लौटने की सलाह देते हैं।÷ माइक्रोसॉफ्ट या जेपी मॉर्गन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को उम्मीद है कि इस नए वीजा प्रोग्राम से अमेरिकी खजाने को 100 बिलियन डॉलर से अधिक मिलेंगे, जिसका इस्तेमाल राष्ट्रीय कर्ज कम करने और टैक्स में कटौती के लिए किया जाएगा। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि नई फीस से प्रतिभा की आवाजाही में रुकावट आएगी और इनोवेशन कम होगा।

**एच-1बी वीजा फीस 88 लाख होते ही दुनिया भर में हड़कंप, भारत-यूएस फ्लाइट का किराया बढ़ा; प्लेन से उतरकर भागे लोग**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एकतरफा और चौंकाने वाला फैसला लेते हुए एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) कर दी है। यह नया नियम कल यानी 21 सितंबर से लागू हो जाएगा, जिसके बाद दुनिया भर के हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी और भगदड़ जैसा माहौल बन गया है।






रिपोर्ट्स के अनुसार, लगभग 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा धारक भारत से हैं, जो मुख्य रूप से इंफोसिस, विप्रो, कॉग्निजेंट और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी टेक्नोलॉजी कंपनियों में काम करते हैं। अमेरिका में लिस्टेड भारतीय कंपनियों सहित प्रमुख आईटी सर्विस फर्मों के शेयर इस घोषणा के बाद 2 से 5 प्रतिशत तक गिर गए। एच-1बी वीजा आमतौर पर तीन साल के लिए वैलिड होता है और अगले तीन अतिरिक्त साल के लिए रिन्यू किए जा सकते हैं। ऐसे में, नई 1 लाख डॉलर की सालाना फीस से भारतीय पेशेवरों को बनाए रखना कंपनियों के लिए महंगा हो सकता है, खासकर जब ग्रीन कार्ड के लिए दशकों का इंतजार करना पड़ता है। एच-1बी प्रोग्राम अमेरिकी कंपनियों को टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में कुशल विदेशी कर्मचारियों को काम पर रखने की अनुमति देता है।

## यूएन में अमेरिका के राजदूत होंगे व्हाइट हाउस के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार; आठ महीने से खाली था पद

**वाशिंगटन एजेंसी ।** अमेरिकी सीनेट नेमाइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका का राजदूत नियुक्त करने के लिए वोट किया है। यह पद पिछले आठ महीनों से खाली था। माइक व्हाइट हाउस के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, वाल्ट्ज की पुष्टि के लिए 47 सांसदों ने पक्ष में और 43 ने विरोध में मतदान किया। अब वे अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होंगे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को वार्षिक सभा को संबोधित करने वाले हैं।

एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीनेट में सुनवाई के दौरान वाल्ट्ज ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत है। उन्होंने अमेरिकी फंडिंग की समीक्षा और संगठन में यहूदी विरोधी रवैये को खत्म करने की बात कही थी। माइक



वाल्ट्ज जनवरी से ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्यरत थे, लेकिन मार्च में यमन में आगामी हमले पर चर्चा कर रहे वरिष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक निजी सिग्नल चैट में गलती से एक पत्रकार को जोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने पद छोड़ दिया।

27 मार्च को, ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में रिपब्लिकन एलिस स्टेफनिक का अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद मई में वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में राजदूत पद के लिए नामित कर दिया।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का राज्य स्तरीय सम्मेलन प्रारम्भ

**दंतेवाडा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ़ का आठवां राज्य सम्मेलन दिनांक 26, 27 जुलाई 2025 को रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन के इंद्रजीत सिंह हाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक व राष्ट्रीय सचिव मण्डल सदस्य एनी राजा तथा छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी पी संदोष कुमार राज्यसभा सांसद की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ। सम्मेलन की शुरुआत में वयोवृद्ध श्रमिक नेता सीआर बक्शी तथा आरडीसीपी राव के द्वारा झंडा रोहण कर शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित करके कम्युनिस्ट पार्टी के क्रांतिकारी शहीदों को याद किया गया।उपस्थित कार्यकर्ताओ की जोरदार नारेबाजी से सम्पूर्ण भवन लाल सलाम और इंकलाब के नारों से गूंजायमान हो गया, तत्पश्चात सम्मेलन का उद्घाटन खुले सत्र द्वारा किया गया,जिसमें छत्तीसगढ़ के बिरादराना वामपंथी पार्टियों के प्रदेश स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय नेताओं द्वारा सम्मेलन के सफल होने के लिए सदभावना संदेश प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन सत्र को भाकपा की राष्ट्रीय नेत्री कामरेड एनी राजा,राज्य प्रभारी कामरेड पी संतोष कुमार राज्यसभा सांसद,सीपीएम के नेता धर्मराज महापात्रा,सीपीआईएमएल रेड स्टार के पोलित ब्यूरो मेंबर तुहिन देव, सीपीआईएमएल से नरोत्तम शर्मा,छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर,एसयूसीआई कम्युनिस्ट के नेताओं द्वारा




उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में फासीवादी संकट के दौर में वामपंथी एकता को मजबूत करने व देश में लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा कर फासीवादी ताकतों को परास्त करने का आह्वान किया।राज्य सम्मेलन के विधिवत संचालन हेतु अध्यक्ष मंडल का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमे राजेश संधू, पवन कुमार वर्मा, मंजू कवासी, जितेंद्र सोरी, रामूराम मौर्य, शैलेश शुक्ला का चयन किया गया।अध्यक्ष मण्डल के गठन के पश्चात प्रदेश सहायक सचिव सत्यनारायण कमलेश द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर विभिन्न जिलों से आए 18 प्रमुख साथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सचिव के प्रतिवेदन में संशोधन/ सुधार करने की मांग की गई, जिसे अध्यक्ष मंडल द्वारा स्वीकार कर आवश्यक संशोधन पर चर्चा कराकर प्रतिवेदन को संशोधित किया गया तथा संशोधित प्रतिवेदन को केंद्रीय नेतृत्व को प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। सहायक सचिव द्वारा सिलसिलेवार आर्थिक संसाधनों की कमी एवं नेतृत्वकारी साथियों की भूमिका पर कटाक्ष करते हुए अपना जवाब प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन तीसरे सत्र में प्रदेश व देश की जन समस्याओं पर्यावरणीय मामलों, छात्र-युवा, मजदूर- किसान, महिला, दलित, आदिवासी,अल्पसंख्यकों पर हमले, जल- जंगल- जमीन के सवाल पर गंभीर चिंतन, मनन करते हुए विभिन्न प्रस्ताव डॉक्टर सोम गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सर्वसम्मति से राज्य सम्मेलन में पारित किया गया। इसके बाद कॉम. लखन सिंह द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जमा क्रेडेन्सियल फॉर्म का विवरण प्रस्तुत कर बताया कि सम्मेलन में उपस्थित 205 प्रतिनिधियों में से 173 प्रतिनिधियों द्वारा क्रेडेंशियल फॉर्म जमा किया गया है जिसमें से आधे से ज्यादा छात्र - नौजवान है तथा राजनीतिक आंदोलन में जेल जाने वालों की संख्या 20 है जिसमें से बिलासपुर से पवन शर्मा विभिन्न राजनीतिक आंदोलन में 22 बार, वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश सिंह 17 बार, डॉ.सोम गोस्वामी 19 बार, संतु राम महंत 15 बार, सी. बक्शी दो बार जेल गए हैं।

## स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व– संजय पाण्डे

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वाकथान का आयोजन

**जगदलपुर ।** रजत जयंती वर्ष और स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज प्रातः दंतेश्वरी मंदिर परिसर से स्वच्छ वाकथान का आयोजन किया गया। वाकथान मिताली चौक एवं गोलबाजार चौक से होते हुए पुनः दंतेश्वरी मंदिर के सामने संपन्न हुआ।वहीं दंतेश्वरी मंदिर परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। दंतेश्वरी मंदिर के सामने से सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के दलों ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। महापौर संजय पांडे ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। यदि हम अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने की आदत डालें तो न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी हम एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण छोड़ पाएंगे। नगर निगम इस दिशा में सतत प्रयास कर रहा है और हमें इसमें जनभागीदारी की आवश्यकता है। निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत इस वाकथान का उद्देश्य लोगों को जोड़ना और उनमें सफाई के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाना है। नगर निगम लगातार आधुनिक कचरा प्रबंधन व्यवस्था एवं सफाई तंत्र को मजबूत कर रहा है।

# रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया

**जगदलपुर ।** रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत आज सुबह शहीद पार्क स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा एवं पार्क परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, साथ ही नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर पार्क परिसर की सफाई, सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का धुलाई एवं स्वच्छता के उपरांत माल्यार्पण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। विदित हो कि शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगरीय निकायों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान शहर के प्रमुख




सार्वजनिक स्थल, मंदिर परिसर, चौक-चौराहों एवं पार्कों में सफाई कार्य एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर आज शहीद पार्क के सामने, दंतेश्वरी मंदिर के आसपास, गुंडाधुर पार्क, जिया डेरा, काछनगुड़ी, तिरंगा चौक नया मुंडा में सफाई अभियान चलाया गया। महापौर संजय पांडे ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल अभियान भर नहीं है, बल्कि यह नागरिकों की जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प स्वच्छ भारत को साकार करने हेतु प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। नगर निगम जगदलपुर लगातार प्रयासरत है कि शहर के प्रत्येक हिस्से को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। हम सब मिलकर बस्तर को स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श के रूप में स्थापित करेंगे। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, वार्डों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण देने का संकल्प लें। आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया नगरीय निकायों में शासन की मंशा अनुसार 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक दिन रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत कुछ न कुछ आयोजन किया जाएगा। नगर निगम द्वारा सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

## भाभा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर में दीक्षांत समारोह आयोजित

**जगदलपुर ।** भाभा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर में 19 वां दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अर्पण सरकार, शुभम विश्वास, श्रीमती बीटी विश्वास सहित अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संजय पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि कौशल ही आज की सबसे बड़ी शक्ति है। हमें शिक्षा और प्रशिक्षण का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनना होगा। यदि हम मेहनत और लगन से कार्य करेंगे तो न केवल हमें अच्छे रोजगार मिलेंगे, बल्कि हम उद्यमिता के माध्यम से दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने दीक्षांत प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खेमसिंह देवांगन ने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अर्पण सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उद्योगों में रोजगार पाने के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। अंत में उपस्थित समस्त अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल व शिक्षा का सदुपयोग कर अच्छे रोजगार प्राप्त करें और भविष्य में सफल उद्यमी बनकर समाज को भी रोजगार प्रदान करें।

# खेल संचालनालय में युवा कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

### अधिकारियों की दलाली के लिए नहीं। जब तक भ्रष्टाचार और दलाली खत्म नहीं होगी, तब तक विरोध जारी रहेगा।

**रायपुर ।** युवा कांग्रेस ने खेल संचालनालय में कथित घोटालों और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के नेतृत्व में संचालक तनुजा सलाम के केबिन में घूसकर जोरदार प्रदर्शन किया।

युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के नेतृत्व में खेल संचालनालय पहुंचे कार्यकर्ता सीधे संचालक तनुजा सलाम के चेंबर में पहुंचे और कई सवाल पूछे। लेकिन संचालक ने किसी भी मुद्दे पर जवाब देने से इनकार कर दिया और वहां से निकल गईं। इससे आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के गेट के बाहर जमकर नारेबाजी की और धरना दिया। भावेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि खेल विभाग बीजेपी पदाधिकारियों के दबाव में चल रहा है। कहा कि पूरा खेल विभाग को भाजपा बालोद के पदाधिकारी सौरभ लुनिया के माध्यम से चलाया जा रहा है। युवा कांग्रेस का आरोप है कि लुनिया संचालक के केबिन और अंदर के कमरे में बैठकर अधिकारियों को निर्देश देते हैं। यहां तक कि टेंडरों में अपनी पसंद के वेंडर्स को लाभ पहुंचाने का कार्य खुलेआम हो रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। हालांकि कुछ देर बाद सभी को बिना शर्त रिहा कर दिया गया।

युवा कांग्रेस ने मांग की है कि खेल संचालनालय की संचालक तनुजा सलाम को तत्काल बर्खास्त किया जाए। साथ ही विभागीय घोटालों और भाजपा पदाधिकारी सौरभ लुनिया के हस्तक्षेप की उच्च स्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

युवा कांग्रेस ने कहा कि खेल विभाग खिलाडियों के भविष्य के लिए है, भाजपा नेताओं और अधिकारियों की दलाली के लिए नहीं। जब तक भ्रष्टाचार और दलाली खत्म नहीं होगी, तब तक विरोध जारी रहेगा।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) के लिए पुनर्विचार याचिका दायर करें छत्तीसगढ़ सरकारङ्घ शंकर साहू

रायपुर, 19 सितम्बर (आरएनएस)। 01 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में हुई सुनवाई में दिए गए आदेश ने देशभर के शिक्षकों के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है जिससे कक्षा पहली से आठवीं तक पढने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट)को अनिवार्य कर दिया गया है इस आदेश के बाद छत्तीसगढ़ में भी शिक्षक समुदाय में उहापोह की स्थिति निर्मित हो गई है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षकों की नौकरी व पदोन्नति पर खतरा मंडरा रहा है, इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार की तरह सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ संयोजक- श्रीमती हीना कश्यप, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष- नरेंद्र देवदास, संजय मेहर, दीपक प्रकाश, प्रदेश संरक्षक- अनिल



रामटेक, प्रेमचंद साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष- प्रेमचंद सोनवानी, आनंद साहू, भुनेश्वरी सहारे, प्रदेश प्रवक्ता- हेमलता बढ़ई, प्रदेश महामंत्री संगठन- जितेंद्र साहू, प्रदेश सचिव- अशोक कुमार तेता, प्रदेश कोषाध्यक्ष- तेजराम कामडिया,प्रदेश महासचिव- भूपेंद्र साहू, रामाधार नायक, प्रदेश मीडिया प्रभारी- रमेश साहू एवं उनकी टीम के टेक्निकल साथियों ने सलाह दिया कि उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की सरकारों की तरह छत्तीसगढ़ सरकार को भी पुनर्विचार याचिका तैयार करने की घोषणा की जाने चाहिए क्योंकि यह फैसला 2011 से पहले नियुक्त हुए राज्य के लगभग 70000 से अधिक शिक्षकों को प्रभावित करेगा और यदि यह फैसला छत्तीसगढ़ में लागू होता है तो बड़े पैमाने पर छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा एवं उनके नौकरी के साथ-साथ विद्यार्थियों की अध्यापन व्यवस्था भी अस्थिर हो जाएगी। वर्तमान में युक्तियुक्तकरण होने के कारण विद्यालय में वैसे भी शिक्षकों की संख्या कम हो चुकी है जिससे शिक्षा के स्तर में भी गिरावट रहा है। 23 अगस्त 2010 की एन.सी.टी.ई. अधिसूचना में यह स्पष्ट उल्लेख है की टेट का प्रावधान आर.टी.ई. अधिनियम 2009 के लागू तारीख से पहले नियुक्त शिक्षकों पर नहीं होगा। यह शिक्षकों के अधिकारों का उल्लंघन है। शिक्षक संगठनों ने सरकार से यह अपील किया है कि वह तत्काल पुनर्विचार याचिका लगाए ताकि शिक्षक मानसिक दबाव में काम कर रहे हैं, उससे बाहर आकर अपना शिक्षकीय कार्य बेहतर ढंग से करते हुए बच्चों को अध्यापन कार्य करवा सके। साथ ही प्रदेश में जिस प्रकार से पूर्व में जब भर्ती हुए तो जो शिक्षक बी.एड. नही किए थे, उन्हें ब्रिज कोर्स 20 दिनों में कराया गया था व नान डी. एड./ बी. एड. शिक्षकों को विभागीय डी. एड. कराया गया था, ठीक उसी प्रकार से शासन को टेट कराया जान चाहिए ताकि राज्य शासन के शिक्षक तनाव मुक्त होकर शिक्षक पात्रता परीक्षा दे सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू ने प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों से आह्वान किया है कि शिक्षक हित में एकजुट होकर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के विषय पर चर्चा कर उसकी समाधान हेतु प्रयास किया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू ने कहा कि यह कहना आसान है कि शिक्षक टेट

# नियद नेल्लानार योजना –ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान

### मरईगुड़ा वन पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविरः 1335 आवेदन में से 959 का तत्काल निराकरण

**सुकमा ।** ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं से सीधे जोडने के उद्देश्य से 15 से 18 सितम्बर तक मरईगुड़ा वन सेक्टर में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में सिंगाराम, कन्हईगुड़ा, क्रिस्टाराम, बंडा, पोटकपल्ली, मरईगुड़ा, गोलापल्ली और किंदेलपाड़ सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में सभी




विभागों के अधिकारी पोटाकेबीन मरईगुड़ा में स्टॉल लगाकर उपस्थित रहे, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याएं और आवेदन सीधे विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला। जनपद सीईओ कोंटा गिरीश निंबालकर ने बताया कि शिविर में कुल 1335 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 959 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया जारी है। इनमें से जन्म प्रमाण पत्र हेतु 373, वन अधिकार पत्र हेतु 200 तथा आधार कार्ड हेतु 112 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वोटर आईडी, श्रम कार्ड, पेंशन योजना, निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच सह

# आदि कर्मयोगी अभियान : जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोडने की अनूठी पहल

**सुकमा।** जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 1385 ग्रामीण, वॉलेंटियर, एनजीओ सदस्य एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारीङ्कअधिकारियों को ग्राम स्तर पर विकास योजना निर्माण एवं समुदाय के उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण प्रक्रिया ब्लॉक प्रोसेस लैब (विकासखंड प्रक्रिया प्रयोगशाला) के माध्यम से संचालित हो रही है। जिला मास्टर ट्रेनर्स (डीएमटी) द्वारा विकासखंड मास्टर ट्रेनर्स (बीएमटी) को प्रशिक्षित किया गया , जिससे वे ग्राम स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग कर सकें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं



बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जलशक्ति तथा वन विभाग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों को दक्ष बनाना है, ताकि योजनाओं का लाभ समुदाय तक पारदर्शी और सुगम रूप से पहुंचे। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोडने का एक सशक्त माध्यम है। यह प्रशिक्षण युवाओं और संस्थानों की क्षमता वृद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। सुकमा जिला जनजाति बाहुल्य है और विशेषकर पिछड़ी जनजाति समुदायों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। समुदाय की सक्रिय सहभागिता से शासन की योजनाएं अधिक प्रभावशाली होंगी और आमजन तक उनका लाभ सहजता से पहुंचेगा।

# मनरेगा - युक्तधारा पोर्टल से अधिक वैज्ञानिक और सटीक बनेगी गांव की कार्ययोजना

बीजापुर। महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन में समय के साथ और भी पारदर्शिता और क्रियान्वयन एजेंसी की नागरिकों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित की जा रहीं है। वर्ष 2026-27 के लिए बनाई जाने वाली कार्ययोजना ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक वैज्ञानिकता से और सटीक ढंग से बनेंगी। जिला पंचायत के सभागार में युक्तधारा पोर्टल के उपयोग हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से योजनाओं को तैयार करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिले के सभी मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, सहायक प्रोग्रामर और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। राज्य स्तर से आए मास्टर ट्रेनर ने कर्मचारियों को बताया गया कि युक्तधारा पोर्टल के जरिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपयुक्त कार्यों का चिंहाकन, तकनीकी तौर पर निर्धारित कार्यों की प्राथमिकता की सूची, जियो टैगिंग और




निगरानी की प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यह पोर्टल प्रत्येक चरण को डिजिटल रूप देगा। इसके जरिए ग्राम पंचायत स्तर पर ही सही प्राथमिकताओं के अनुसार काम तय किया जा सकेगा।जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होंगी। पोर्टल के उपयोग से महात्मा गांधी नरेगा योजना सहित प्रधानमंत्री आवास योजना समय पर और सही तरीके से लागू हो सकेंगा और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

युक्तधारा एक भू-स्थानिक योजना पोर्टल- इसरो और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मिलकर युक्तधारा पोर्टल संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न ग्रामीण योजनाओं, जैसे कि मनरेगा (रूहक्रश्वत्र), प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (क्करूत्रङ्घ-त्र), कि लिए भू-

# शारदीय नवरात्र की धूम 22 से , डोंगरगढ़ के लिए स्पेशल ट्रेन एवं बड़ी ट्रेनों का स्टापेज

### महामाया मंदिर रायपुर में चलेगी 11 हजार से अधिक ज्योत

**रायपुर।** राजधानी सहित प्रदेश में शक्ति की भक्ति 22 से की जाएगी। राजधानी के प्रख्यात महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास ने करीब 11 हजार तथा रतनपुर महामाया मंदिर में करीब 15 हजार तथा डोंगरगढ़ में हजारों की संख्या में दीप प्रज्जवलित करने के लिए भक्तों में होड़ मची हुई है। राजधानी के प्रमुख चौक चौराहों तथा अन्य स्थानों में भी माता की प्रतिमा लाई जा रही है। यहां पर आकर्षक मंच बनाये जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा महामाया मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की जा रही



है। मंदिर के न्यास द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्रतिपदा ज्योति कलश की स्थापना मध्याह्न 11.30 बजे से लेकर 12.24 के मध्य की जाएगी। आश्विन शुक्ल मंगलवार 23 सितंबर को द्वितीया तथा 24 को तृतीया तथा 27 सितंबर को पंचमी का आयोजन होगा । इस अवसर पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष पूजा पाठ की जाएगी। ट्रस्ट के अनुसार अभी तक छह हजार ज्योतियों का पंजीकरण किया गया है हमारा लक्ष्य 11 हजार तक का है।

पंचमी में होगी विशेष पूजा पाठ

राजधानी में महामाया मंदिर सहित अनेक देवी के मंदिरों में विशेष पूजा पाठ की जाएगी। रविवार को षष्ठी तथा 29 को सप्तमी एवं महानिषा पूजन होगा। 30 सितंबर को अष्टमी हवन तथा पूर्णाहुति का हवन 3 बजे से शुरू होकर देर रात्रि चलेगा पूर्णाहुति 6.15 को होगी। ज्योति विसर्जन रात्रि में तथा एक अक्टूबर को कन्या भोजन तथा राजभोग भंडारा का

आयोजन किया जाएगा। राजधानी के अनेक स्थलों में माता दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जाएगी। आमापारा के शीतला मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जसगीत की धूम रहेगी।

दतिया पीतांबरा पीठ मैहर जाने वालों का तांता

राजधानी में इस समय भक्त बिलासपुर जिले में स्थित रतनपुर एवं राजनांदगांव में डोंगरगढ़ दर्शन करने जाते है। यहां पर देवी का दर्शन कर लाभ अर्जित करते है। राजधानी के कई भक्त अब दतिया जिले में स्थित सिद्धपीठ पीतांबरा शक्तिपीठ में भी जाएंगे। इसके लिए बड़ी संख्या में रिजर्वेशन कराया गया है। नौतनवा, महानदी, सारनाथ तथा अन्य ट्रेनों से मैहर शारदा माता के दर्शन करने वालों के भक्त भी कल से रवाना होंगे।

चुनरी यात्रा निकलेगी चौबे कालोनी मंदिर से

चिंताहरण हनुमान मंदिर से 27 सितंबर से एक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल होंगे। राजधानी के अनेक स्थानों में यह यात्रा निकाली जाएगी। तुलसी पाटन में भी प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ज्योत जलाई जाएगी।

# धमतरी में विहंगम योग संत समाज के 102वे वार्षिक उत्सव में शामिल हुई भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू

### संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने नैतिक मूल्यों के साथ आध्यात्मिक चेतना से समाज को दिशा दी है - रंजना साहू

**धमतरी ।** विहंगम योग संत समाज का 102वां वार्षिक उत्सव समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव का आयोजन हरदिया साहू समाज भवन, धमतरी में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पूरे भारतवर्ष में स्वर्वेद संदेश यात्रा पर निकले संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का आगमन धर्मनगरी धमतरी में हुआ, जहां समाजजन एवं श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू भी शामिल हुई। उन्होंने संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके मुखारविंद से प्रवाहित संतवाणी का श्रवण कर स्वयं को कृतार्थ अनुभव किया। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज वर्तमान में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा पर निकले हैं, जिसका उद्देश्य है आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण। अपने प्रवचनों के माध्यम से वे समाज को आंतरिक शुद्धि, अध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों की ओर अग्रसर होने का संदेश दे रहे हैं। स्वर्वेद संदेश यात्रा के माध्यम से वह युवाओं, महिलाओं व समाज के सभी वर्गों को आत्मविकास व राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रहे हैं। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि विहंगम योग संत समाज ने सदैव आत्मकल्याण, संयम, नशामुक्ति व राष्ट्रभक्ति की शिक्षा दी है। विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में धमतरी वासियों को एक नई ऊर्जा, प्रेरणा व आध्यात्मिक दिशा मिली है। वर्तमान समय में जब समाज भौतिकता की अंधी दौड़ में खोता जा रहा है।

# लेडी हेल्थ विजिटर से सेवा निवृत्त 72 वर्षीया ने विद्यालय में मनाया जन्म दिन

रायपुर। सेजेस सिंगपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुशंसा साकार होते हुए दिखाने देने लगा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुशंसा है कि विद्यालय का अधिकतम उपयोग समाज के लिए हो।समाज के लोग अपना पर्व,त्यौहार, उत्सव ज्यादातर स्कूल में मनाएं। समाज एवम ग्राम विकास की चर्चा भी स्कूल में बैठकर की जाए ताकि स्कूल एवम समुदाय के बीच मजबूत सम्बन्ध बने। सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य एवम शिक्षकों ने समुदाय के साथ लगातार इस दिशा में चर्चा जारी रखा है जिसका परिणाम विद्यालय में दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में लेडी हेल्थ विजिटर पद से सेवा निवृत्त सिंगपुर निवासी बहत्तर कमरूनिशा ने अपना बहत्तरवां जन्म दिन सेजेस सिंगपुर पहुंचकर मनाया। उन्होंने अपने जन्म दिन पर विद्यालय में बच्चों को नाश्ता बंटवाया। वाचनालय थाती के लिए पांच नग प्रतियोगी पुस्तकें जिनमें प्रयास आवासीय विद्यालय ,सामान्य ज्ञान,सामान्य गणित,सामान्य हिंदी एवम राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति की पुस्तकें भेंट की। अपने जन्म दिन को विद्यालय में मनाने के पीछे के कारणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि संसार में विद्यालय से बढ़कर कोई पवित्र स्थान नहीं है। विद्यालय ही वह स्थान है जो मनुष्य को सामाजिक बनाता है। शिक्षा से ही व्यक्ति सफल एवम महान बनता है। इस कारण से उन्होंने अपना जन्म दिन विद्यालय में मनाने का निश्चय किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का निवेदन किया। गाँव के लोगों को भी उन्होंने आह्वान किया कि वे विद्यालय पहुँचकर अपना यादगार दिवस को जीवन्त बनाएं। सेजेस के प्राचार्य एवम शिक्षकों ने कमरुनिशा अली की पहल को रचनात्मक एवम अनुकरणीय बताते हुए उनके दीर्घ जीवन की कामना की है। इस सुअवसर पर उनकी सुपुत्री सफीना बानो, उप सरपंच ज्योति तिवारी,राजदा बेगम,मीना मरकाम,हेमा ध्रुव,शालिनी यादव,विमला यादव,सुनीता ध्रुव,देवली यादव ,डेमिन बाई, लीला कंवर,पार्वती कौशल,विमला सेन,चन्द्रिका यादव भुनेश्वरी साहू ,सरपंच लोमेश्वर मरकाम,एस एम सी के अध्यक्ष धनन्जय साहू,उपाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, डॉ हेमन्त साहू,राधेलाल सिन्हा आदि उपस्थित थे। सभी ने कमरूनिशा अली के दीर्घायु होने की कामना की।

# आरटीई मामले में जनहित याचिका सुनवाई में शिक्षा सचिव की अनुपस्थिति पर हाईकोर्ट ने जताई

### सुनवाई की अगली पेशी 17 अक्टूबर को

**रायपुर ।** शिक्षा का अधिकार आरटीई मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। उक्त याचिका भिलाई निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भगवंत राव के अधिवक्ता देवर्षी ठाकुर के माध्यम से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान बिना किसी ठोस कारण के शिक्षा सचिव छग शासन की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा सचिव हाईकोर्ट को मजाक में न लें। अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को है जिसमें हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव को निर्देशित करते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह बताने का आदेश दिया है कि आरटीई मामलों में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है।



गौरतलब है कि कुछ निजी स्कूलों द्वारा आरटीई (शिक्षा का अधिकार) कानून के तहत निर्धन परिवार के बच्चों को स्कूलों में प्रवेश न देकर आर्थिक रूप से सक्षम परिवार के बच्चों को एडमिशन दिया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार गरीब बच्चों की सीट पर सक्षम परिवार के लोगों ने कब्जा किया है वहीं पीपी वन केजी नर्सरी गली गली खुलने वाले स्कूलों पर भी याचिकाकर्ता ने बिना सोचे समझे शासन द्वारा मान्यता दिये जाने पर संबद्ध अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग अपनी याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट से की है। ज्ञात हो कि योजना के पात्र हितग्राहियों की अनदेखी की जा रही है। अनदेखी पर हाईकोर्ट ने गंभीरता से चिंतन करते हुए नियमों और शर्तों का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है यह शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारियों से पूछा है। शासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि आरटीई कानून के तहत जब केंद्र सरकार द्वारा निर्धन परिवार के बच्चों को भी पढ़ने का अधिकार दिया गया है तो निजी स्कूल संचालक कानून का मखौल नहीं उड़ा सकते। छग शासन के शिक्षा विभाग के सचिव एवं प्रमुख सचिव को हाईकोर्ट को यह बताना होगा कि अब तक कितने निजी स्कूल संचालन के खिलाफ दोषी पाये जाने पर उनकी मान्यता समाप्त करने से संबद्ध कार्रवाई की गई है। बड़े स्कूलों के प्रबंधनों के खिलाफ भी आरटीई नियम का उल्लंघन करने पर हाईकोर्ट सख्त कार्रवाई करेगा।

# जिले के विकास कार्यों को लेकर कलेक्टर और भाजपा प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई महत्वपूर्ण चर्चा

**धमतरी ।** जिले के समग्र विकास, सड़कों के उन्नयन तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर, धमतरी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के बीच आज एक महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस सामूहिक चर्चा में जिले की प्राथमिक आवश्यकताओं, अधूरी विकास योजनाओं एवं सड़कों के उन्नयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा, भाजपा जिला महामंत्री श्री राकेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष श्री चेतन हिंदूजा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कवींद्र जैन।

# छत्तीसगढ़ में बालीवुड फिल्म निदेशकों को शूटिंग करने का आमंत्रण

### सूचना प्रसारण मंत्रालय के फिल्म डिवीजन द्वारा बनाये गये कार्ययोजना

### बस्तर के चित्रकोट, कोटमसर गूफा जशपुर एवं मैनपाट में कई शूटिंग स्थल मौजूद

रायपुर। छग में शीघ्र ही बालीवुड की फिल्मों की शूटिंग के लिए शूटिंग स्पॉट के चयन किया जाएगा। बस्तर के अलावा बिलासपुर तथा अंबिकापुर में कई आकर्षक स्थलों में शूटिंग करने के लिए प्रस्ताव बनाये गये हैं। छग के सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाले पत्र सूचना कार्यालय



के प्रभारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ज्ञात रहे मैनपाट में भोजपुरी फिल्मों की आए दिन शूटिंग चलती रहती है जिसके कारण यह स्पॉट काफी लोकप्रिय है।

पत्र सूचना कार्यालय के प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार सूचना प्रसारण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फिल्म डिवीजन द्वारा छग सहित अनेक प्रांतों में शूटिंग स्पॉट का चयन करने का प्रस्ताव बंबई मुख्यालय द्वारा भेजा गया है। बंबई मुख्यालय द्वारा फिल्म निर्माताओं निर्देशकों को गाइड लाइन देने तथा शूटिंग स्थल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पीआईबी अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाये गया है। यह नोडल अधिकारी छग में बस्तर के नियाग्रा फाल कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात तथा अनेक गुफाओं एवं झरनों के लिए शूटिंग स्पॉट का चयन कर चुका है। इसके लिए गरियाबंद के घटारानी तथा रविशंकर जलाशय परियोजना अंबिकापुर में मैनपाट जशपुर तथा अंबिकापुर के महलों में भी शूटिंग स्पॉट की खोजबीन की जा रही है। राज्य में बंबईहा फिल्मों की शूटिंग का उद्देश्य यहां के प्राकृतिक स्थानों का सुंदर वर्णन करना है तथा देश में लोगों को अवगत कराना है। श्रीनगर में हुए आतंकवादी हमले के पश्चात बंबईहा फिल्मकार बाम्बे के पास आसपास के क्षेत्रों में शूटिंग करते हैं। जबकि छग के अलावा अन्य प्रदेशों में कई खूबसूरत स्थल है इनमें सबसे ज्यादा शूटिंग लखनऊ तथा दिल्ली के आसपास होती है। जिसके कारण यहां पर सुविधाएं प्रदान की जाती है छग में भी फिल्म शूटिंग करने को महत्व दिया जाएगा। छग शासन फिल्म विकास निगम की स्थापना की गई है। विधायक अनुज शर्मा फिल्म अभिनेता है। जो कि फिल्मों से जुड़े हुए है। उन्होंने भी इस बात को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है कि छग में फिल्मों की शूटिंग करने का प्रस्ताव बनाया है।

# सफलता की कहानी : पीएम सूर्यघर से सूरज देगा बिजली, बदलेगा जिंदगी का हर कोना

### सिर्फ विटामिन डी नहीं, जीवन का आधार है सुरज की रोशनी

**रायपुर।** देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने और हर घर तक स्वच्छ, सस्ती एवं निरंतर बिजली पहुँचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल नागरिकों को बिजली बिल से हमेशा के लिए राहत दिला रही है, बल्कि परिवारों को आत्मनिर्भर बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी क्रांतिकारी योगदान दे रही है। छत्तीसगढ़ में इस योजना का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में अत्यंत प्रभावी और संवेदनशील ढंग से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सौर ऊर्जा को अपनाने की गति तेज हुई है।

देश की पावर कैपिटल कहलाने वाले कोरबा जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का प्रभाव विशेष महत्व रखता है। यहाँ अनेक परिवार इस योजना का लाभ उठाकर हर महीने बचत कर रहे हैं और बिजली बिल आने जाने के झमेले से मुक्त हो रहे हैं। इन्हीं में से एक प्रेरक उदाहरण हैं



नकटीखार, कोरबा निवासी रंजीत कुमार है, जिन्होंने अपने परिवार के जीवन में ऊर्जा क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया है।

श्री रंजीत कुमार जो एसईसीएल, कुसमुंडा में डंपर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, मेहनतकश व्यक्ति हैं। हर महीने आने वाला बिजली बिल, परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें और बच्चों की पढ़ाई के खर्चों के बीच बिजली बिल अक्सर उनके बजट को बिगाड़ देते थे। यही कारण था कि जब प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत आवेदन कर इसका लाभ उठाने का निश्चय किया। दो माह पहले आवेदन करके उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल सिस्टम लगवाया। जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए रही, 78 हजार रुपए केंद्र सरकार की सब्सिडी पहले ही मिल चुकी है। शेष राशि में उन्होंने सस्ती व आसान दर पर लोन लेकर तथा कुछ नकद भुगतान देकर किया। सिर्फ कुछ हफ्तों में ही यह निवेश उनके जीवन के लिए सबसे बड़ा वरदान साबित हुआ। पहले जहां उनके घर का बिजली बिल हर महीने एक हजारों रुपए तक पहुँच जाया करता था, वहीं अब सौर ऊर्जा से चल रहे घर का मासिक बिल मात्र 130 रुपए आ रहा है।प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और पर्यावरण की भी बड़ी मित्र है। सौर ऊर्जा से न केवल कोयला और डीज़ल जैसे पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम होती है, बल्कि वायु प्रदूषण में भी भारी कमी आती है। कोरबा जैसे औद्योगिक जिले में, जहाँ कोयला आधारित बिजली उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, वहां सौर ऊर्जा का बढ़ता उपयोग पर्यावरण संरक्षण में ऐतिहासिक योगदान है। परिवारों को बिजली बिल से मुक्तिमिल रही है, घरों में रोशनी और उपकरणों का संचालन संभव हो रहा है, लोग ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

श्री कुमार और उनके परिवार ने बताया अब हमें बिजली बिल की चिंता नहीं रहती।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना

**बीजापुर।** जिला मुख्यालय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर के तत्वाधान में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्कारण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 सितम्बर 2025 को समय 11 बजे से स्थान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऋस्श्वञ्ञ्द्ध जैतालूर रोड बीजापुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बीजापुर के अधिकारियों द्वारा योजना हेतु पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन की प्रक्रिया तथा योजना के लाभ से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही विभाग में संचालित हो रहे अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में भी मार्गदर्शन दी गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में योजना की जानकारी देते हुए डी.पी. साहू, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर द्वारा बताया गया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम जैसे राईस मिल, दाल मिल, पोहा, मुरमुरा, मिठाईयां निर्माण, महुआ लड्डू, महुआ चिक्की, महुआ चाय पत्ती, इमली चपाती, इमली चटनी, इमली कैंडी, आमचूर, तीखुर शेक, पापड, बड़ी, आचार, बेकरी सामग्री, डेयरी एवं अन्य खाद्य उत्पाद आधारित उद्यम की स्थापित करने वाले इच्छुक उद्यमियों को योजनाअंतर्गत सहायता दी जाएगी। जिसके तहत् स्वरोजगार स्थापना करने के लिए बैंक शाखाओं के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई के उन्नयन अथवा नवीन उद्यम स्थापना हेतु ऋष्ट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति उद्यम परियोजना लागत का 35~ क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी अधिकतम 10.00 लाख रूपये अनुदान का भी प्रावधान है। जिसमें लाभार्थी का अंशदान 10 प्रतिशत होना अनिवार्य है तथा स्व. सहायता समूहो को प्रति सदस्य 40 हजार की दर से प्रारम्भिक पूंजी प्रदाय की जाती है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से डी.पी. साहू महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर, अमृत एक्का, संचालक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऋस्श्वञ्ञ्द्ध बीजापुर, महेश कुमार किरणापुरे, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर एवं संतोष कुमार अगीवार मौजूद रहे।

## संपादकीय

### भारत और मॉरीशस संजीदगी से बढ़ेंगे

भारत और मॉरीशस ने फैसला किया है कि अब दोनों देश स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने की दिशा में संजीदगी से बढ़ेंगे। वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय शिखर वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस महज पार्टनर नहीं, बल्कि परिवार हैं। पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रूप कार्ड की शुरुआत हुई थी और अब दोनों देशों ने स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने का मन बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत हमेशा मॉरीशस की संप्रभुता के पक्ष में रहा है, और मुक्त, खुला, सुरक्षित, स्थिर तथा समृद्ध हिन्द महासागर हमारी साझी प्राथमिकता में रहा है। मॉरीशस, भारत की पड़ोसी प्रथम और विजन महासागर का एक अहम स्तंभ है। इस हिन्द महासागरीय देश के साथ सात करार हुए हैं। करीब छह हजार करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की भी घोषणा की गई है ताकि मॉरीशस अपने बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर कर सके।



### झुर्रियां कहती कहानियाँ हज़ार,

झुर्रियां कहती कहानियाँ हज़ार,
हर लकीर में दर्ज अनुभव का सार।

पग-पग खाकर संभले ठोकर खाकर,
वही युवाओं को जीना सिखाते आकर ।

धीरे-धीरे चलते हुए ये कदम,
कभी तेज़ थामे थे घर का दम।

आइये शीश नवाएं उन पर हम
बुजुर्ग हैं पर ज्ञान का हैं दम-खम।

आज थक चुके हैं, मन अब भी जवान,
मुस्कान में छिपा है नव-जीवन का गान।

बाँटते थे मिठास अपने अनुभवों की,
जो सजाते थे राहें अपने परिश्रमों की।

अब अकेले न रहे बस यही अरमान,
उनकी आँखों में बसा परिवार का जहान।

बुजुर्ग हैं तो आँगन में दीप जलता हैं,
उनकी दुआओं से आशीष मिलता हैं।

मत भूलो यही हमारी जड़ें हैं गहरी,
इनसे शाखें हैं हरीभरी और सुनहरी।

– संजीव ठाकुर

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन
PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# अल्ज़ाइमर : स्मृति ह्रास की वैश्विक चुनौती



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



मस्तिष्क और स्मृति की उपेक्षा से बढ़ रहा स्मृति लोप का रोग दुनिया की एक बड़ी गंभीर समस्या हैं। याददाश्त हर उम्र के व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी पूंजी है। तेज़-तर्रार और तनावग्रस्त जीवन ने शरीर और आत्मा दोनों को उपेक्षित कर दिया है। अल्ज़ाइमर की चुनौती हमें याद दिलाती है कि स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का आधार है। मनुष्य अपनी स्मृति से ही मनुष्य है; जब यादें खोने लगती हैं तो पहचान भी धुंधला जाती है। स्मृति का ह्रास केवल व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी अस्तित्वगत पहचान के मिट जाने की त्रासदी है। इस बढ़ते रोग की भयानकता के कारण ही 21 सितम्बर को पूरी दुनिया विश्व अल्ज़ाइमर दिवस मनाती है। यह केवल एक स्वास्थ्य-समस्या की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह चेतावनी भी है कि आधुनिक जीवनशैली, मानसिक दबाव और बदलते सामाजिक ढाँचे ने हमारे मस्तिष्क को असमय थका दिया है।

आज दुनिया में पाँच करोड़ से अधिक लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं और इनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी अल्ज़ाइमर रोगियों की है। अल्जाइमर दिमाग की एक बीमारी है जिसमें इंसान धीरे-धीरे बातों को भूलने लगता है। शुरुआत में छोटी-छोटी बातें भूलती हैं जैसे किसी का नाम, चीज कहां रखी थी या हाल की घटना। लेकिन समय के साथ यह भूलना इतना बढ़ जाता है कि व्यक्ति को अपने परिवार के लोग, जगह या रोज के काम भी याद नहीं रहते। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या तीन गुना तक पहुँच सकती है। हर तीन सेकंड में दुनिया के किसी न किसी कोने में एक नया डिमेंशिया रोगी जुड़ जाता है। दुनिया में, 2025 तक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग मनोभ्रंश (डिमेंशिया) से पीड़ित हैं, और 2050 तक यह संख्या बढ़कर 139 मिलियन (13.9 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें अल्जाइमर रोग इसका सबसे आम रूप है। भारत में, 2023 के एक अध्ययन के अनुसार 9 मिलियन (90 लाख) से अधिक बुजुर्ग मनोभ्रंश से जूझ रहे हैं, और यह संख्या 2036 तक बढ़कर लगभग 17 मिलियन (1.7 करोड़) हो जाने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, यह समस्या महिलाओं को अधिक होती है। एम्स और निम्हैंस जैसी संस्थाएं इसकी शुरूआती पहचान और रिसर्च पर काम कर रही है। बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं में इस रोग का बढ़ना ज्यादा चिन्ताजनक है।

अल्जाइमर के बढ़ने के कारणों में मुख्य रूप से बढ़ती उम्र, आनुवंशिकी (कुछ जीन) और मस्तिष्क में असामान्य प्रोटीन जमाव शामिल हैं। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और धूम्रपान जैसे जीवनशैली संबंधी कारक, और हृदय संबंधी समस्याएँ भी अल्जाइमर के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। शोध बताते हैं कि लगातार मोबाइल इस्तेमाल करने वालों में 35 प्रतिशत तक याददाश्त और एकाग्रता कम हो सकती है। लंदन यूनिवर्सिटी ने पाया कि मोबाइल पास होने मात्र से 10 प्रतिशत तक स्मृति घट जाती है। आईएएमएआई की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 60 करोड़ स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाले हर रोज औसतन 4.9 घंटे मोबाइल पर रहते हैं। एम्स के मुताबिक, युवाओं में डिजिटल डिमेंशिया जैसे लक्षण बढ़ रहे हैं। इस रोग की सबसे भयावह सच्चाई यह है कि यह केवल रोगी को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करता है। स्मृति का खो जाना, निर्णय लेने की क्षमता का क्षीण हो जाना, बार-बार वही प्रश्न पूछना, भाषा और व्यवहार में असामान्यता आना और अंततः अपनी पहचान तक खो बैठना-यह सब न केवल रोगी बल्कि उसके आसपास के लोगों के लिए भी असहनीय स्थिति बन जाती है।

अल्ज़ाइमर का सीधा संबंध मस्तिष्क की कोशिकाओं से है। यह एक प्रगतिशील रोग है जिसमें मस्तिष्क की कोशिकाएँ धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा अधिक हो जाता है, लेकिन केवल यही कारण नहीं है। असंतुलित जीवनशैली, तनाव, नींद की कमी, मानसिक निष्क्रियता, नशे की आदतें और अस्वास्थ्यकर आहार भी इसके बड़े कारण हैं। धीरे-धीरे मनुष्य की सोचने-समझने की शक्ति कम होने लगती है और उसका व्यक्तित्व बदल जाता है। यह रोग न केवल चिकित्सा की दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी गहरी चुनौती है। रोगी की देखभाल पर आने वाला खर्च कई बार परिवार की आर्थिक रीढ़ तोड़ देता है। परिवार के सदस्यों के लिए यह लगातार तनाव और थकान का कारण बनता है। कई बार यह रोग परिवारों में दूरी और टूटन का भी कारण बन जाता है। एक ओर बढ़ती वृद्धावस्था, दूसरी ओर उपेक्षा और अकेलेपन का संकट-ये सभी मिलकर स्थिति को और भी विकट बना देते हैं।

अल्जाइमर दिमाग से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसमें दिमाग की कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं। इससे याददाश्त बुरी तरह प्रभावित होती है। व्यक्ति के व्यवहार और जीवन पर असर पड़ने लगता है। वह धीरे-धीरे सब कुछ भूल जाता है। प्रारंभिक चरण में स्मृति हल्की, लेकिन ध्यान देने योग्य होती है। लोग हाल ही में घटित घटनाओं या परिचित नामों को भूल सकते हैं। मध्यम अवस्था में संज्ञानात्मक गिरावट अधिक सपष्ट हो जाती है। रोगी को समस्या-समाधान करने, बोलने या नियमित काम करने में समस्या हो सकती है। निगलने में कठिनाई और फेफड़ों में संक्रमण जैसी जटिलताएं सामने आती हैं। उन्नत अवस्था में रोगी बात करने में असमर्थ हो सकते हैं। उन्हें हर समय देखभाल करने की जरूरत हो सकती है। वे खाने व चलने जैसे बुनियादी काम नहीं कर पाते। वे बार-बार गिर सकते हैं, जिसमें उन्हें चोट लग सकती है।

दुर्भाग्य यह है कि अल्ज़ाइमर का आज तक कोई पूर्ण उपचार उपलब्ध नहीं है। अमेरिका में हाल में कुछ दवाओं को शुरूआती स्तर पर अल्जाइमर की प्रगति धीमी करने के लिए मंजूरी मिली है। ये दवाएं दिमाग में एमीलॉइड प्लेक्स कम करने पर काम करती हैं, जिन्हें समस्या का मुख्य कारण माना जाता है। संभावना है जल्दी ही देश में भी ये दवाएं मिलने लगेंगी। दवाइयाँ केवल इसकी गति को कुछ समय के लिए धीमा कर सकती हैं। ऐसे में रोकथाम के लिये संकल्प, प्राकृतिक उपचार, मनोबल ही सबसे बड़ी दवा है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, योग और ध्यान जैसे अभ्यास, मानसिक सक्रियता बनाए रखना, नई-नई चीजें सीखना, किताबें पढ़ना और सामाजिक जुड़ाव बनाए रखना-ये सब मस्तिष्क को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखने के महत्वपूर्ण साधन हैं। जीवनशैली में थोड़े-से परिवर्तन अपनाकर इस रोग को देर तक टाला जा सकता है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि अल्ज़ाइमर से पीड़ित लोगों को सबसे अधिक आवश्यकता हमारी करुणा और सहानुभूति की होती है। यह केवल चिकित्सा की नहीं, बल्कि संवेदना की भी चुनौती है। हमें रोगियों को बोझ न समझकर उनके आत्मसम्मान को बनाए रखना चाहिए। उनके प्रति धैर्य, प्रेम और संवेदनशीलता का व्यवहार ही उन्हें कुछ हद तक संबल दे सकता है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोगियों में कलंक एवं हीनता के भाव को कम करने के लिए ही विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। विश्व अल्ज़ाइमर दिवस की थीम हर साल बदलती है ताकि डिमेंशिया देखभाल और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। 2025 की थीम है 'डिमेंशिया के बारे में पूछें, अल्ज़ाइमर के बारे में पूछें', जिसका उद्देश्य अल्ज़ाइमर रोग और डिमेंशिया के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, खुले संवाद को प्रोत्साहित करना और समय पर निदान को बढ़ावा देना है। ये थीम दुनिया भर में जागरूकता अभियानों का मार्गदर्शन करती हैं, तथा हमें याद दिलाती हैं कि अल्जाइमर केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चुनौती भी है, जिसके लिए करुणा, चिकित्सा सहायता और मजबूत नीतियों की आवश्यकता है, जो इस रोग के बारे में बेहतर समझ और रोगियों को मजबूत इच्छाशक्ति बनाने में मदद कर सकती है।

# पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण से होता बुरा हाल।

### शहरी नागरिक फेफड़ों की तकलीफ से हलाकान।



बड़े मेट्रोपॉलिटन शहरों जैसे दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों में पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा हो गया है। दिल्ली वैसे भी देश और दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जाता है इसके बाद कोलकाता तथा मुंबई का नंबर भी आता है पटना शहर की जनसंख्या एवं घरों की बसाहट अधिक होने से वाहन प्रदूषण की स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है।

अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैद्य इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं।

दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हैद्य

वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी हैद्य इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता हैद्य खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी हैद्य अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैद्य बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला हैद्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही हैद्य विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता हैद्य शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना हैद्य यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई हैद्य इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगाद्य टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफउनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगीद्य पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगाद्य इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं हैद्य पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगीद्य इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता हैद्य

इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है ÷प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं÷ निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया हैद्य

प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता हैद्य यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगेद्य आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती हैद्य मनुष्य की स्पृहा, कामना और लालच के सामने प्रकृति भी निरुत्तर होती दिखाई दे रही है। प्रकृति के समर्पण में जो विसंगतियां और दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहे हैं उनमें जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, बढ़ते ओजोन छिद्र ,बढ़ता जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियर तथा बढ़ता समुद्री जल हम सबके लिए नई समस्याओं को जन्म देने का काम कर रहे हैंद्य आपको ऐसा नहीं लगता कि हमारे प्रकृति विरोधी कर्मों से हमारे जीवन का अस्तित्व ही खतरे में आने लगा हैद्य इसी तरह के अनेक आसन में खतरों से निपटने के लिए आर्थिक विकास के नए मॉडलों को पर्यावरण के संतुलन के साथ जोड़ने का विकल्प हम सबके लिए एक जीवन उपयोगी मार्ग बनता नजर आ रहा हैद्य प्रकृति के असंतुलन दोहन का सर्वोत्तम उदाहरण यूरोप के विकसित देश है जिनकी पर्यावरण असंतुलन के प्रति उदासीनता की भयावह कीमत विकासशील तथा समुद्री क्षेत्रों में सीमावर्ती तथा अल्प विकसित देशों को चुकानी पड़ रही हैद्य हमें वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को पर्यावरण संतुलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कारगर उपाय खोज कर संपूर्ण विश्व को ग्लोबल वार्मिंग और इसके गहरे परिणामों से सुरक्षित रखना होगा, विशेषकर उन अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को जिनकी जनसंख्या अग्रणी देशों में गिनी जाती है. पर्यावरण संतुलन तथा आर्थिक विकास के ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं है। **संजीव ठाकुर ।**

# राजनीति में परिवार बाद हमेशा रहा है और रहेगा, यह एक कड़वी सच्चाई है

अजय दीक्षित

राजनीति में परिवारवाद हमेशा से जटिल विषय रहा है। जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी,राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तमिलनाडु में करुणानिधि के पुत्र एम के स्टालिन, कर्नाटक में यदुरप्पा के पुत्र भाजपा अध्यक्ष हैं, डॉ चिन्ना रेड्डी के रेवंत रेड्डी, जगन मोहन रेड्डी, मोरोशिली मारन के दयानिधि मारन, कनिमोझी, चंद्रशेखर राव की कविता राव, एन टी रामाराव के चंद्रबाबू नायडू, एस पुरुंदई, पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, ओडिशा में बीजू पटनायक के नवीन पटनायक, शिबू सोरेन के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद यादव के तेजस्वी यादव, मीसा भारती, हिमाचल प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल के अनुराग ठाकुर , दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा ने अपने पुत्र प्रवेश वर्मा , राजस्थान में राजेश पायलट,के पुत्र सचिन पायलट, वसुंधरा राजे के पुत्रदुष्यंत सिंह सांसद, राजमाता विजयराजे सिंधिया के ज्योतिरादित्य सिंधिया ,स्व माधवराव सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह,भेरूलाल पाटीदार की कविता पाटीदार, नागर सिंह चौहान के पत्नी मप्र में अनीता चौहान सांसद हैं, महाराष्ट्र में बालासाहब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे,राज ठाकरे, सहित अन्य सभी नेताओं के पुत्र पुत्रियां,दामाद,अब नाती पंती ऐसे नाम हैं जो परिवार बाद के प्रतीक हैं। जिसमें चंद्रबाबू नायडू, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे, राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव,नवीन पटनायक, अभिषेक बनर्जी, हेमंत सोरेन, स्टालिन, सुखविंदर सिंह बादल, दुष्यंत चौटाला, उमर अब्दुला,सुप्रिया सुले, अजीत पंवार, डी कुमारस्वामी , गौरव गोगोई,तो बकायदा प्रजा तंत्र में पार्टियों के मालिक है। मायावती ने अपने भतीजे आनंद को पार्टी का अगला मुखिया बना दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परिवार बाद के बहुत खिलाफ हैं और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में इस परिवारवाद के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।उनकी ही ताकत है कि बसुधरा राजे के पुत्र सांसद होकर केंद्रीय मंत्री नहीं हैं। अनुराग ठाकुर , पंकज सिंह, मंत्री नहीं बने हैं।

मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,असम के मुख्यमंत्री हेमंत शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, साधारण परिवारों से है ।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अगर परिवार बाद का जीता जगता उदाहरण है तो वह नेहरू,गांधी परिवार, स्व मुलायम सिंह यादव का परिवार पीछे नहीं है। नेहरू गांधी परिवार में से तीन प्रधानमंत्री, अनगिनत केंदीय मंत्री, सांसद,रहे हैं।

जय प्रकाश नारायण, चंद्रशेखर, वी पी सिंह, कर्पूरी ठाकुर, के कामराज, सरदार पटेल, निजलिगप्पा, एस नंबूदरीपाद, जयललिता, गोविंद बल्लभ पंत, मदनलाल खुराना, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी,दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह,

शांताकुमार, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदर सिंह भंडारी, प्रताप सिंह काइरो, बेनीप्रसाद वर्मा, जनेश्वर मिश्र, आदि ऐसे राजनीतिक नेता रहे जिन्होंने अपने परिवार को राजनीत से बाहर रखा है। लेकिन ललित नारायण मिश्र,ने जगन्नाथ मिश्र, हेमबतिनंदन बहुगुणा ने अपनी पुत्री रीता बहुगुणा जोशी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री हरदेव जोशी ने सी पी जोशी , जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला ने फारुख अब्दुला और अब उमर अब्दुला मुख्यमंत्री है।इसी प्रकार मप्र के मुख्यमंत्री कैलाश जोशी ने दीपक जोशी, और सुंदरलाल पटवा ने सुरेंद्र पटवा,कैलाश सारंग ने विश्वास सारंग को आगे बढ़ाया।

भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने बड़े देश में परिवारवाद के कारण कई राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी जाती है। स्व मुलायम सिंह यादव के परिवार में बताया जाता है कि 16 सांसद परिवार या रिश्तेदारों के है। बताया जाता है कि देश के 4500 विधायकों में से 1553 विधायक राजनीतिक परिवारों के है ।यह भी एक अध्ययन में कहा गया है कि देश के 30 फीसदी सांसद परिवारवाद से जुड़े हैं। सैकड़ों आईएएस, आईपीएस, राज्य सेवा के अधिकारी, राजदूत, आईएफएस, इन परिवारों के है या उनके दामाद है।इन परिवारों के कई गोरख धंधे हैं, कारे, लाइफ स्टाइल आला दर्जे की होती है।इस कारण आम जनता को चिढ़ होती है। **यह निजी विचार है।**

# सेवा पखवाड़ा दिवस पर बैकुंठपुर में मैराथन दौड़ का आयोजन

### आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया एवं नशा उन्मूलन का सशक्त संदेश

लोकशक्ति



जिला प्रशासन कोरिया एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर 20 सितम्बर 2025 को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में प्रातः 08:00 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ कुमार (घड़ी) चौक से प्रारंभ होकर रामानुज मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में संपन्न हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया अभियान तथा नशा उन्मूलन जैसे विषयों पर जन-जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक संकल्प को बल प्रदान करना रहा।

मैराथन कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया श्रीमती चन्दन संजय त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷स्वस्थ जीवनशैली और आत्मनिर्भरता ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज और देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।÷

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर श्री उमेश पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीमती उषा लकड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर श्री सिद्धार्थ खैरवार, जिला सचिव श्री सुरेंद्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड आशा एक्का, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिवप्रताप सिंह, स्काउटर केशव प्रसाद साहू, प्रफुल्ल सालोमन तिग्गा, गाइडर शकुंतला लकड़ा साहित बड़ी संख्या में कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं , स्काउड्स - गाइड्स एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी ,सामाजिक प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सामाजिक संदेश और शपथ ग्रहण

मैराथन में स्काउट्स-गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साह और अनुशासन के साथ भागीदारी कर समाज को नशामुक्त जीवन, स्वस्थ शरीर और आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया। रामानुज मिनी स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम का समापन हुआ द्यसमापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को नशा उन्मूलन, फिटनेस अपनाने एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के इस क्षण ने आयोजन को और भी सार्थक एवं प्रेरणादायी बना दिया। सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत आयोजित यह मैराथन केवल खेलकूद गतिविधि न होकर एक सामाजिक जागरण का प्रतीक सिद्ध हुई। इसने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब प्रशासन, शिक्षा जगत और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तो सकारात्मक परिवर्तन की राह प्रशस्त होती है।

यह आयोजन न केवल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा त्यागने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

# अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर दानवीरों की कमी नहीं



लोकशक्ति। संवाददाता

केसिंगा आगामी अग्रेशन जयंती को लेकर के पूरे केसिंगा शहर में ऐसा अनुभव हो रहा है कि महाराज अग्रसेन जयंती के अनुयायियों में पैसों की बरसात हो रही है। पूरे केसिंगा शहर में शहर में अग्रेशन जयंती को पालन करते हुए 50 वर्ष से ऊपर हो गए हैं मगर ऐसा दानवीर पहली बार देखने को मिल रहा है ।जो कि पूरे केसिंगा मे अग्रेशन जयंती के पावन अवसर पर जो प्रीतिभोज का आयोजन किया जाता है जिसमे की लाखों रुपया खर्च होते हैं इसी को देखते हुए एक ही परिवार ने पूरे प्रीति भोज का खर्चा अपने परिवार की तरफसे दान देकर सभी को अनु प्रणीत किया है। महाराज अग्रसेन जी के विशेष आशीर्वाद से ऐसे परिवार को पूरा केसिंगा शहर वासियों के तरफ से विशेष धन्यवाद के पात्र होते हैं। यह परिवार और कोई नहीं स्वर्गीय प्यारेलाल अग्रवाल एवं उनके परिवार के सदस्य गण की तरफसे एवं स्थानीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के परिवार की तरफसे पूरा खर्चा बहन करने का

आश्वासना दी गई है। उनके परिवार से ही केसिंगा महिला मंडल के अध्यक्ष डिंपल अग्रवाल भी हैं। उनका पूरा हरा भरा परिवार है। जिसमे की विनोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा है।



भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई (बी. आर. गवई), न्यायमूर्ति जिर्तेद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र वर्मा, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जिर्तेद्र सिंह नई दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेते हुए।



हिमाचल प्रदेश के शिमला में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन के बाद मलबे और पत्थरों से अवरुद्ध सड़क पर मरम्मत और बहाली का काम चल रहा है।

# समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) पर डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन, 2024

पीआईबी

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) का राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), विकास अध्ययन केंद्र (सीडीएस), तिरुवनंतपुरम के सहयोग से, 22 सितंबर, 2025 को तिरुवनंतपुरम, केरल में समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस), 2024 पर एक डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य डेटा उत्पादकों और उपयोगकर्ताओं के बीच संवाद को मज़बूत करना है, जिससे सामाजिक-आर्थिक नीति निर्माण में टीयूएस डेटा के महत्व और अनुप्रयोगों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त हो सके। समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) इस बारे में महत?वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है कि व्यक्ति विभिन्न भुगतान और अवैतनिक गतिविधियों, देखभाल कार्य, सीखने और अवकाश के दौरान अपने समय का किस प्रकार उपयोग करते हैं। टीयूएस 2024, 2019 के पिछले सर्वेक्षण पर आधारित है और भारत में कार्य और जीवन पद्धति में बदलावों, विशेष रूप से लैंगिक भूमिकाओं और विकसित होती सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता के संदर्भ में तुलनात्मक साक्ष्य प्रदान करता है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि श्री के.एम. चंद्रशेखर, पूर्व कैबिनेट सचिव, डॉ. सौरभ गर्ग, आईएएस, सचिव, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, डॉ. इंदिरा हिरवे, पूर्व निदेशक, सेंटर फॉर डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स, प्रो. वीरमणि।

# खेल विभाग स्वच्छता बढ़ाने और लंबित मामलों के समाधान के लिए विशेष अभियान 5.0 में हिस्सा लेगा

पीआईबी

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का खेल विभाग, उत्तरदायी सुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विशेष अभियान 4.0 की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बाद, विभाग ने विशेष अभियान 5.0 के शुरुआती चरण के लिए आधारभूत कार्य शुरू कर दिया है, जिसमें ई-कचरा प्रबंधन नियम, 2022 के प्रावधानों के अनुरूप, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उत्तरदायी प्रबंधन और वैज्ञानिक निपटारें को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया है।

खेल विभाग ने 2 अक्टूबर, 2024 को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 5.0 के उत्साहपूर्ण शुभारंभ के साथ विशेष अभियान 4.0 की शुरुआत की, जिसमें फिटनेस और स्वच्छता के विषयों को राष्ट्रीय गौरव के एक सशक्त प्रतीक के रूप में दर्शाया गया। विभाग ने अपने अधीनस्थ संगठनों - जिनमें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा



संस्थान (एलएनआईपीई), राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू), राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (एनएडीए), और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) शामिल हैं, के साथ मिलकर सांसदों के 15 लंबित मामलों का निपटारा किया। इसमें 30 जन शिकायतों का समाधान करते हुए दो संसदीय आश्वासनों को पूरा किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी प्रत्येक चरण पर प्रगति की सक्रिय निगरानी कर रहे थे।

जमीनी स्तर पर, इस विभाग के अंतर्गत आने वाले संगठनों के क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालयों में फैले 44 चिन्हित स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस समन्वित प्रयास के परिणामस्वरूप 12,000 वर्ग फुट जगह का पुनर्ग्रहण हुआ और कई नए उपलब्ध क्षेत्रों को मूल्यवान उपयोगिता स्थलों में परिवर्तित किया गया। इसके अलावा, अभियान के दौरान कबाड़ के निपटान से 1,76,000 रुपये की आय प्राप्त हुई, जो स्वच्छता के प्रति सततता और संसाधनशीलता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभाग और इसके अंतर्गत आने वाले संगठनों द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 24 ट्वीट भी साझा किए गए, जिनमें अभियान की पहुँच और दृश्यता बढ़ाने के लिए #SpecialCampaign4.0 और #SwachhBharat हैशटैग का उपयोग किया गया। खेल विभाग विशेष अभियान 5.0 को अत्यंत प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर स्वच्छता के उच्चतर मानक स्थापित करना तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करना है।

# ‘पोस्ट हार्वेस्ट’ मत्स्य प्रबंधन के लिए मत्स्य प्रौद्योगिकी को सुदृढ़ करने हेतु रोडमैप की मांग

पीआईबी

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में केंद्रीय सचिव, मत्स्य पालन विभाग, डॉ. अभिलक्ष लिखी ने 19 सितंबर 2025 को आईसीएआर - केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईएफटी) के कामकाज की समीक्षा करने के लिए कोच्चि, केरल का दौरा किया। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए), मत्स्य पालन स्टार्टअप्स, समुद्री खाद्य निर्यातकों और अन्य मत्स्य पालन हितधारकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

डॉ. अभिलक्ष लिखी ने आधुनिक तकनीकों को अपनाकर मत्स्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन में कमियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आईसीएआर-सीआईएफटी और अन्य हितधारकों से मछली की पैदावार और उन्हें पकड़ने (पोस्ट हार्वेस्ट) के बाद उनके बेहतर प्रबंधन को सुदृढ़ करने और मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करने का आग्रह किया। मत्स्य पालन विभाग के संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्य पालन) श्री सागर मेहरा ने ÷पोस्ट हार्वेस्ट÷ प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन हेतु मत्स्य प्रौद्योगिकी÷ पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने मत्स्य उत्पादों में विविधता लाने और बाजार के अवसरों को



खोलने तथा क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक मूल्य संवर्धन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि आईसीएआर संस्थानों के सशक्त अनुसंधान एवं विकास द्वारा समर्थित ‘पोस्ट हार्वेस्ट’ प्रबंधन, नुकसान को कम कर सकता है और मछुआरों की आय बढ़ा सकता है। इससे एक लचीली और प्रतिस्पर्धी मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला का निर्माण हो सकता है।

डॉ. लिखी ने आज 20 सितंबर 2025 को थोप्पुमपडी स्थित कोच्चि फिशिंग हार्बर का दौरा किया और अब तक हुए विकास और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मछुआरों से बातचीत की और उन्हें टूना, झींगा, स्क्विड आदि सहित प्रमुख मछली पकड़ने वाली प्रजातियों के बारे में बताया। उन्होंने जहाज पर मौजूद मछुआरों और पोत संचालकों से भी बातचीत की और उनकी चुनौतियों और ट्रांसपोंडरों की कार्यप्रणाली को समझा। केंद्रीय सचिव ने बंदरगाह प्राधिकरण के अधिकारियों से पीएमएमएसवाई के तहत स्वीकृत चल रही फिशिंग हार्बर परियोजना को समय पर पूरा करने का आग्रह किया।

### कोच्चि बंदरगाह के बारे में

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग ने मार्च 2022 में केरल के थोप्पुमपडी में कोचीन फिशिंग हार्बर के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी जिसकी कुल लागत 169.17 करोड़ रुपये है। इसके लिए सागरमाला के तहत बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के साथ समन्वय में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 100 करोड़ रुपये तक की केंद्रीय वित्तीय सहायता का प्रावधान है।

# अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के 11वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की




राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अभिजात चंद्रकांत शेठ ने आज यहाँ अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान (एबीवीआईएमएस) और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के 11 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. सुनीता शर्मा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डॉ. विनोद कोटवाल भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में डॉ. शेठ ने स्नातक छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और संकाय सदस्यों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में छात्रों का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने में उनके समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने देश भर में 1:1000 का एक समान डॉक्टर-रोगी अनुपात बनाए रखने की विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफ़ारिश को पूरा करने के लिए देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। डॉ. शेठ ने स्नातक (यूजी) से स्नातकोत्तर (पीजी) के बीच 1:1 का संतुलित अनुपात हासिल करने के लिए चल रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया, जिसका उद्देश्य भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की गुणवत्ता को विकसित देशों के मानकों के बराबर लाना है। डॉ. शेठ ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा शुरू की जा रही नई पहलों पर को भी रेखांकित किया जैसे कि योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारंपरिक शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ कौशल-आधारित और आभासी शिक्षा को एकीकृत करना। उन्होंने छात्रों को अपने स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने, चुनौतियों का डटकर सामना करने और आजीवन सीखने वाले बने रहने के लिए प्रेरित किया।

# बोड़सरा शराब दुकान चोरी व व्यापारी से लूट के फरार आरोपी पकड़ाया




**जांजगीर चांपा /** बोड़सरा शराब दुकान से चोरी व नैला के व्यापारी से लूट के मामले में फरार आरोपी को जांजगीर पुलिस ने दबोच लिया है । मामले का विवरण इस प्रकार है कि चौकी नैला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोड़सरा के शराब दुकान का दिनांक 18 मई 2025 की दरमियानी रात्रि में किसी अज्ञात आरोपी द्वारा ताला तोड़कर दिवाल उखाड़ कर लाकर को तोड़कर शराब बिक्री का नगदी रकम 2,42,190 रुपए को लाकर सहित चोरी कर ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर चौकी नैला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। दिनांक 13 सितंबर 2025 को सायबर टीम एवं नैला पुलिस द्वारा पूर्व में नैला क्षेत्र के व्यापारी से 10 लाख रुपए की उठाईगिरि के मामले में पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी मुकेश सूर्यवंशी निवासी नैला वार्ड नं. , चौकी नैला एवं नितेश पंडित उर्फ विक्की निवासी अमोरा थाना मुलमुला के द्वारा बोड़सरा के शराब दुकान का ताला तोड़कर लाकर में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले जाना कबुल किये थे जिसको विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज जा चुका है। प्रकरण में शामिल आरोपी दोमेश वैष्णव उर्फचन्दन जो फरार चल रहा था जिसको मुखबिर सूचना से पकड़ा पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करना जिसके कब्जे से लाकर को तोड़ने के लिए प्रयुक्त लोहे का सबली को सिवनी बड़ी नहर के किनारे से बरामद किया गया जाकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विनोद जाटवर चौकी प्रभारी नैला, प्र.आर. रूद्रनारायण कश्यप, जगदीश प्रसाद अजय, आरक्षक संतोष रात्रे, ओमप्रकाश कर्ष, डिकेश्वर साहू, चंद्रशेखर कंवर, एवं चौकी नैला स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# 9 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर चांपा** / 9 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने पकड़ा है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी रामधनी बंजारे पिता पुनाराम बंजारे निवासी मिस्दा के कब्जे से 9 लीटर अवैध कच्ची महुआ कीमती 900 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ अपराध क्रमांक 412/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक प्रेमलाल दिवाकर, आरक्षक हेमंत साहू, राजू कश्यप, देवराज लसार एवम थाना स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।




# गरबा के नाम पर अश्लीलता और फूहड़ता बर्दाश्त नहीं - हिन्दू युवा मंच

**गरबा में देवी देवताओं पर आधारित थीम का भी होगा कड़ा विरोध.***

**सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिला हेल्प डेस्क एवं शिकायत केंद्र की स्थापना करने की भी हिदायत.***

**नवरात्र की परंपरा को बनाये रखने गरबा स्थल को केवल धार्मिक उद्देश्य के लिए प्रयोग में लाने और माताओं और बहनों से मर्यादित वस्त्र पहनने की भी अपील.***

**राजनांदगाँव।** हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने आगामी नवरात्र के पर्व और नवरात्र के अवसर पर संस्कारधानी नगरी में होने वाले गरबा पंडालो के सभी आयोजनकर्ताओं से गरबा की मर्यादा को ध्यान में रखने, किसी भी आयोजन में देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप वाली थीम का प्रदर्शन न करने, छोटे और अंग प्रदर्शन वाली युवतियों को पंडाल के भीतर प्रवेश न देने और फूहड़ बॉलीवुड गीतों को न बजाने की अपील की है। गरबा उत्सव से जुड़ी तमाम गतिविधियों पर इस बार भी हिन्दू युवा मंच की पैनी नज़र रहेगी। मंच ने सख्त लहजों में हिदायत दी है कि, ऐसे पावन और धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजन में फूहड़ता और अश्लीलता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

हिन्दू युवा मंच के जिला प्रभारी श्री किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में और जिला अध्यक्ष श्री सुरेश लोहमार, शहर अध्यक्ष श्री राजा ताम्रकार और जिला महामंत्री श्री अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में हिन्दू युवा मंच ने एक विज्ञप्ति जारी कर, गरबा पंडालों से संस्कारधानी के अनुरूप गरबा उत्सव को पारम्परिक और मर्यादित तरीके से मनाने की अपील की है। इसके अलावा धार्मिक तीर्थ स्थलों और हिन्दू देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप और उनका स्वांग रचने थीम का भी कड़ा विरोध करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि, पिछले वर्ष भी मंच के द्वारा गरबा पंडालों को सख्त हिदायत दी थी, हिदायत के बाद कुछ गरबा पंडालों ने अपनी थीम बदल दी थी तो वहीं कुछ एक गरबा पंडालों ने इस अनदेखी की थी। जब उन्हें हमारे विरोध की खबर मिली तो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्ट्राग्राम पर माफी भी मांगी थी। धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की यदि इस बार भी गलती दोहराई गई तो उन्हें हमारे कड़े विरोध और आंदोलन का सामना होगा। मंच ने यह भी हिदायत दी है कि, यदि किसी पंडाल ने भूलवश या जानबूझकर देवी देवताओं के स्वांग रचने वाली थीम रखी है तो समय रहते उसे बदल दे।

हमारी चेतावनी के बाद भी यदि किसी गरबा पंडालों ने ऐसा दुस्साहस करने का प्रयास भी किया तो उन्हें इसका खामियाजा भुगतना होगा। हमारी इस अपील के बाद भी अगर देवी देवताओं का अनादर करने वाले और धार्मिकता का उपहास उडाने वाले कोई भी आयोजन होने की सूचना हमें प्राप्त होती है तो आयोजन को तत्काल प्रभाव से उसी समय बंद करा दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजन समितियों की होंगी। संगीत एवं गीतों का चयन केवल देवी भक्ति और पारंपरिक गरबा डांडिया गीत बजाने, अश्लील, फूहड़ और द्विअर्थी गीत पर पाबंदी, महिलाओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिला हेल्प डेस्क एवं शिकायत केंद्र की स्थापना गरबा पंडालों में करने, गरबा स्थल का प्रयोग केवल धार्मिक उद्देश्य के लिए करने की हिदायत दी है वहीं सभी बहनों एवं माताओं से मर्यादित वस्त्रो को पहनने की भी अपील की गई है। यदि इसके बाद भी ऐसे मामले पाये जाते हैं तो हिन्दू युवा मंच ने आयोजनकर्ताओं पर इसकी जवाबदेही स्वयं तय करने की हिदायत दी है।

## फेसबुक पर लड़की बनकर चैटिंग से ठगे 25 लाख रुपये

**ठगी करने वाला चेटिंग गर्ल निकला लड़का आरोपी करण को फिल्म ड्रीम गर्ल ने बनाया चेटिंग गर्ल**



**जांजगीर चांपा /** फेसबुक में लड़की बनकर चेटिंग गर्ल ने एक व्यक्ति को सुहानी सुहानी बातों में फंसाकर 25 लाख रुपए ठग लिया है जिसकी जांच करने पर वह ठग लड़का निकला है । बहरहाल अकलतरा पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर उसे गिरफ्तार कर लिया है । मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना अकलतरा क्षेत्र के प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि फेसबुक में एक एक लड़की से मुलाकात हुई (जो लड़का था) । उसके द्वारा फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर प्रार्थी से बातचीत करना शुरू की और प्रार्थी के बीच फेसबुक व्हाट्सएप से लगातार चैटिंग होते रहा , उसी दौरान आरोपी के द्वारा प्रार्थी को सुहानी बातों के फसाकर पैसा लेना शुरू किया । लगातार विभिन्न फोन नंबरो से आरोपी के द्वारा वाट्सअप चैटिंग कर सुहानी बाते कर, अपनी मॉ, पिता का स्वास्थ्य खराब होना व बहन का मुम्बई के कालेज में एडमिशन कराना एवं एमबीबीएस का एडमिशन करना है , कहकर आनलाईन बैंक अकाउंट फोन पे से लगभग 25 लाख रूपये की ठगी किया । जब प्रार्थी के पास पैसा खत्म हो गया , उसके बाद भी पैसा लगातार मांगने पर प्रार्थी को ठगी का अहसास हुआ और लड़की के बारे में प्रार्थी के द्वारा खाता नंबर , फोन नंबर अन्य माध्यम से पता करने लगा तो लड़की जो वास्तविक में लड़का निकला जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर कायम कर विवेचना में लिया गया । 25 लाख रुपए ठगी की प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए *पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में एंव एसडीओपी अकलतरा प्रदीप सोरी के नेतृत्व में आरोपी पूजा साहू उर्फकरण साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो अपना नाम आरोपी करन साहू पिता जनकराम साहू उम्र 29 वर्ष निवासी भाठापारा वार्ड नं. 01 थाना भाठापारा जिला बलौदा बाजार का होना बताया । आरोपी जुआ खेलने का आदि था और घर वाले के द्वारा इसी आदत के कारण घर के सामन बेचने चोरी करने के कारण घर से निकाल दिया गया था , उसके बाद आरोपी को ड्रीम गर्ल फिल्म देखकर ठगी करने और पैसा कमाने का आइडिया आया जो कई लोगों को फंसाने का प्रयास किया परन्तु सफलता नहीं मिला । प्रार्थी दीपक को फ्रैंड रिक्वेश भेजने और ठगी करने का उद्देश्य सफल होने से दीपक से लगभग 25 लाख रुपए की ठगी किया । ठगी किए पैसे को जुआ में खेलकर हराना, कुछ पैसे को खा पीकर खत्म करना बताया, आरोपी अपने घर से अलग रहता है घर में उसके उसी ठगी के पैसे से एक पल्सर मोटर सायकल खरीदना पाया गया जिसे जप्त किया गया है। आरोपी के मोबाइल सिम नंबर को जप्त किया गया है आरोपी करन साहू उर्फपूजा साहू के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। उक्त कार्यवाही में थाना अकलतरा प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक के.के. साहू, प्रआर निसार परवेज, आर. गौकरण राय, राजा रात्रे का योगदान रहा।

## नहीं रही श्रीमती सत्यभामा देवी बसईवाल........

**भाजपा नेता, समाजसेवी आशीष बसईवाल की पूज्य माताजी थी....... 28 सितंबर को होगा बारहवां एवम पगड़ी रस्म कार्यक्रम.......**



जांजगीर चांपा -

शहर के प्रतिष्ठित बसईवाल परिवार की वरिष्ठ महिला एवं मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा नेता आशीष बसईवाल (अग्रवाल) की पूज्य माताजी श्रीमती सत्यभामा देवी बसईवाल (धर्म पत्नी-स्वर्गीय श्री पूरनमल अग्रवाल जी वरिष्ठ भाजपा नेता) का आकस्मिक निधन विगत दिनांक-17 सितंबर 2025 दिन-बुधवार को हो गया था, जिनका बारहवां एवं पगड़ी रस्म कार्यक्रम आगामी दिनांक- 28 सितंबर 2025 दिन- रविवार को शाम 4:00 बजे निवास स्थान कुबेरपारा नैला में होगा, श्रीमती सत्यभामा देवी बसईवाल के निधन पर जहां अग्रवाल समाज, मारवाड़ी युवा मंच, भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तो वही वे अपने पीछे भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गई, तथा वे मृदुभाषी, मिलनसार, धर्म परायण महिला थी ।

# दुर्गा पूजा समितियों की बैठक, साफ–सफाई का लिया संकल्प

**आयोजक जारी दिशा निर्देशों का पालन कर हमें सहयोग प्रदान करें....एचडी रात्रे सीएमओ**

**जांजगीर चांपा** - स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत बलौदा में तालाब पार और दुर्गा पंडालों के आसपास की नाली की सफाई का अभियान चलाया गया। शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष 25 सप्ताह रजत जयंती 2025-26 आयोजन अंतर्गत नगर पंचायत बलौदा क्षेत्र के दुर्गा पूजा आयोजकों का शुक्रवार को कार्यालय नगर पंचायत बलौदा में दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी का बैठक हुई। इसमें नगर पंचायत बलौदा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदयाल रात्रे, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, राजकुमार सोनी उपस्थित थे। बैठक में दुर्गा पूजा आयोजको को संबोधित करते हुए सीएमओ एचडी रात्रे ने कहा कि नगर पंचायत दुर्गा पूजा में साफ-सफाई आदि सभी प्रकार का सहयोग करेगी। आयोजक भी शासन से



## जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक के पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा** / अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानदेय आधार पर जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) के 01-01 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पात्र आवेदकों की सूची तैयार कर ली गई है। उक्त सूची के परिप्रेक्ष्य में कोई भी आवेदक यदि दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह अपने प्रमाणित दस्तावेजों सहित 22 सितम्बर 2025 को दोपहर 03 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जांजगीर-चांपा में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

## जिला रोजगार कार्यालय में 23 सितम्बर को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा /** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 23 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के दो नियोजक वेदांता स्कील स्कूल बाल्को कोरबा द्वारा सिलाई मशीन आपरेटर के 40 पद, फीटर 40 पद, वेल्डर 40 पद, होटल मेनेजमेंट के 40 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही श्रीराम लाईफइंश्योरेंश पाईवेट लिमि.चांपा द्वारा ब्रांच मैनेजर के 03 पद सहायक बॉच मैनजर के 05 पद, एवं ऑफिस

# यादव ठेठवार समाज का सामाजिक समरसता उड़ीसा यात्रा 4 अक्टूबर से।

लोकशक्ति

रायपुर - यादव ठेठवार समाज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में चतुर्थ सामाजिक समरसता उड़ीसा यात्रा सामाजिक ठेठवार भवन रायपुरा से सुबह 05बजे निकलेगी ।करीब 100 यात्रियों ने कराया पंजीयन।इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य दूरस्थ अंचलों में निवासरत स्वजातीय जनों से भेट मुलाकात, सामाजिक रीति-रिवाजों,

जीवन शैली भौगोलिक स्थिति की जानकारी आपसी संवाद शिक्षा रोजगार ,मार्गदर्शन परस्पर मेल मिलाप व सामाजिक सक्रियता लाना है। पूर्व में बस्तर यात्रा, सरगुजा यात्रा, मध्यप्रदेश यात्रा का सफल आयोजन हो चुका है।समाज में यात्रा को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है। यात्रा में अधिक लोग शामिल होना चाहते हैं किन्तु यात्रा लंबी होने के कारण संख्या सीमित किया गया है। यह यात्रा दुर्ग पाटन रायपुर महासमुंद बागबाहरा खल्लारी खरियार रोड़ नुआपड़ा से तड़बोड़ उड़ीसा में भव्य सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा को लेकर लगातार सामाजिक जन बैठके आयोजित कर रहे हैं।विगत दिन तड़बोड़ उड़ीसा में यात्रा के स्वागत सभा को लेकर शंकर अहिर अध्यक्ष के नेतृत्व में आवश्यक बैठक रखा गया था।जगह-जगह स्वागत की बनी रुपरेखा। यात्रा के प्रभारी परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ,एवं यात्रा संयोजक नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव ने फोन के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिये व यात्रा के सह संयोजक पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष,डा रविनारायण यदु प्रदेश



उपाध्यक्ष द्वारा पंजीयन शुल्क व अन्य आवश्यक तैयारियो में लगे हुए हैं। प्रदेश प्रभारी हरिश यादव जी द्वारा यात्रा को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन के साथ युवाओ एवं वरिष्ठ जनों से संवाद किया जा रहा है । हरीश यदु ने सातारा कि हमारा यादव ठेठवार समाज छत्तीसगढ़ का प्रथम समाज है जो सामाजिक समरसता यात्रा निकालने का गौरव प्राप्त है।

यात्रा के अनुशासन प्रभारी, प्रदेश सलाहकार रामसिंह यादव ने यात्रा के दौरान मद्यपान धुम्रपान निषेध रहने की जानकारी दी व यात्रा हेतु सहमति पत्र लेकर आने की बात कही। यात्रा सह अनुशासन प्रभारी बलराम यादव प्रदेश सलाहकार ने बताया कि यात्रा ऐतिहासिक होने वाला है।इस यात्रा के लेकर वर्मा समाज को मेरे द्वारा व्याख्यान हुआ है।साहू समाज द्वारा इस यात्रा को लेकर रूपरेखा की आवश्यक जानकारी साझा करने का आग्रह किया है। वास्तव में यह यात्रा यादव समाज सहित अन्य समाज के लिए बनेगा प्रेरणास्त्रोत।

यात्रा के परिकल्पना दृष्टा नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव लगातार सामाजिक जनों से संवाद कर समाज में सक्रियता, भाई चारा बढ़ाना, सामाजिक आर्थिक सहयोग हेतु नवाचार कर रहे हैं। यात्रा की भोजन प्रभारी हरिराम यदु, रामजीवन यदु,सरोज यदु, होंगे।वाहन प्रभारी राजू यादव,अशोक यादव, नरोत्तम यदु, रुप प्रभारी पुष्कर यादव, नवीन यदु , यात्रा में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा के सामाजिक जन शामिल होंगे।

**यात्रा की संक्षिप्त रुपरेखा -**

यात्रा रायपुर से सुबह 05बजे निकलेगी।सुबह10बजे खरियार रोड़ में स्वजातीय जनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा। उड़ीसा के विभिन्न गांवों में यात्रा का स्वागत सम्मान व सभा का आयोजन होगा । तड़बोड़ उड़ीसा में संवाद सभा का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 10 बजे पुरी के लिए प्रस्थान करेगी।सुबह पुरी में समुद्र स्नान पश्चात यादवो के ईष्ट देव भगवान जगन्नाथ जी की दर्शन प्राश्चात संध्याकालीन उड़ीसा के यादवों के साथ भेंट वार्ता किया जाएगा। रात्रि पुरी में विश्राम के पश्चात सुबह चंद्रभागा का दर्शन किया जाएगा एवं चंद्रभागा दर्शन के पश्चात कोणार्क का अवलोकन किया जाएगा एवं संध्याकालीन भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर दर्शन के पश्चात उड़ीसा के यादवों के साथ सामाजिक समरसता सभा का आयोजन का किया जाएगा। चौथे दिन हीराकुंड बांध मां समलेश्वरी के दर्शन के पश्चात यात्रा का समापन खल्लारी में होगा।

## खास खबर

### भारतीय अग्निवीर में थल सेना भर्ती रैली के लिए नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए पंजीयन

**कोरबा** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से छ0ग0 राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। कोरबा जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 25 सितंबर तक पंजीयन करवा सकतें हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जा सके। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए पंजीयन 22 से

कोरबा (आरएनएस)। राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 09 एवं 10 अक्टूबर 2025 को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों एवं जिन्होने रोजगार मेला हेतु अधूरी प्रोफाईल जानकारी भरें हैं उनके लिए 22 से 24 सितम्बर तक रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर - 07752-222069 पर संपर्क किया जा सकता है।

### दानवीर भामाषाह सम्मान-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रण

कोरबा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को प्रतिवर्ष आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति अथवा संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति संस्था को सम्मान के रूप में 1 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इच्छुक व्यक्ति या संस्था पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर 21 सितम्बर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### महापौर संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के पार्षदगणों व अधिकारी कर्मचारियों ने देवशिल्पी की पूजा अर्चना की

कोरबा भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा की कर्मशाला एवं कोहड़िया स्थित जलउपचार संयंत्र में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ ही निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगणों, पार्षदों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने देवशिल्पी की पूजा अर्चना की तथा भगवान विश्वकर्मा से नगर के विकास, अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की।

# सेवा पखवाड़ा : गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 'वूमेन वेलनेस वॉक' का आयोजन

नईदिल्ली,एजेंसी

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' के तहत आज महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए ''वूमेन वेलनेस वॉक'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों और महिलाओं को स्वस्थ रहने और अपने परिवार को सशक्त बनाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के तहत आयोजित वूमेन वेलनेस वॉक में महिलाओं ने लगभग 5 किलोमीटर की दूरी चल कर तय की। यह वॉक दत्तात्रेय गार्डन से शुरू होकर रानी दुर्गावती चौक, तिराहा चौक, सारबहरा जोगीडोंगरी, अनीश चौक होते हुए मड़ना स्थित महफिल रेस्टोरेंट तक संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों में उत्साह और जागरूकता




का विशेष उत्साह देखा गया।

वॉक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार की नींव होती है और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ''नशा मुक्त भारत अभियान'' की भी शपथ दिलाई गई। कलेक्टर श्रीमती मंडावी ने कहा कि देश की युवा शक्ति समाज एवं राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाती है, ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि युवा वर्ग नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़कर एक स्वस्थ, समर्थ और जागरूक राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

# सचिन पायलट समेत दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

## कोरबा में मशाल जुलूस से गूंजा 'वोट चोर गद्दी छोड़'

**कोरबा** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस के तत्वाधान में मंगलवार देर रात वोटर अधिकार यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत् सुभाष चैक निहारिका से स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान तक विशाल मशाल जूलूस निकाला गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, सहप्रभारी जरिता लैतफ्लांग, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, पूर्व उप मुख्य मंत्री टी एस सिंहदेव, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री डॉ.शिव डहरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक देवेन्द्र यादव, विधायक फूलसिंह राठिया, विधायक चातुरीनंद, विधायक विद्यामती सिदार, पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, गुरूदयाल बंजारे, पुरूषोत्तम कंवर, गुरूमुख सिंह होरा, मोहित




केरकेट्टा, प्रदेश युवा कांग्रेस पदाधिकारी अमित पठानिया, आकाश शर्मा, मोनिका मंडरे सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के अन्य पदाधिकारियों ने मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए मशाल यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान इन नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अंबडेकर, स्व.मीनी माता एवं स्व. बिसाहू दास महंत के प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित उन्हें नमन किया साथ दृ साथ कांग्रेस के पदाधिकारी हस्ताक्षर अभियान चलाते रहे । जुलूस यात्रा का समापन स्व.बिसाहू दास महंत उद्यान में सभा को संबोधित कर किया गया। स्वर्गीय बिसाहूदास महंत उद्यान में सचिन पायलट ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी संस्थाओं को अपने कब्जे में ले लिया है। सीबीआइ व ईडी का दुरुपयोग किसी से छुपी नहीं है। चुनाव में हार जीत होती रहती है, लेकिन वोट चोरी बर्दाश्त नहीं होगी। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जड़ को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि यह अभियान सिर्फ कांग्रेस पार्टी का नहीं है। भारतीय लोकतंत्र की पूरी दुनिया लोहा मानती थी, हमारे लोकतंत्र की जड़ें काफी मजबूत है।



## जिले के सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कलेक्टर ने की डीएमएफसे दो करोड़ 16 लाख से अधिक की राषि स्वीकृत

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देषन में तथा उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मार्गदर्षन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में स्थित प्रसिद्ध सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए डीएमएफ मद से दो करोड़ 16 लाख 94 हजार 766 रूपये की राषि स्वीकृत की है।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिले के कनकेष्वर महादेव मंदिर, मॉ मड़वारानी मंदिर, एवं मातिन दाई मंदिर में आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए पेयजल व्यवस्था, मंच, आर्चषेड, सोलर पावर प्लांट आदि के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से राषि की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने करतला विकासखंड अन्तर्गत मॉ मड़वारानी मंदिर परिसर में मंच निर्माण कार्य हेतु 19 लाख 92 हजार, आर्चषेड निर्माण कार्य हेतु 25 लाख 97 हजार, पाईप लाइन बिछाकर पेयजल व्यवस्था हेतु 39 लाख 67 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त कार्य के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को क्रिर्यान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

# दिल्ली में थल सेना कैंप में छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी, कोरबा के कैडेट्स ने लहराया परचम

कोरबा

छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी, कोरबा के कैडेट्स ने 1 से 12 सितम्बर 2025 तक दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय थल सेना कैंप में शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर यूनिट मुख्यालय में कैडेट्स का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेन्थिल कुमार एस और प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल अमित यादव ने कैडेट्स को बधाई दी। अधिकारियों ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स का प्रदर्शन हमारे लिए गर्व की बात है। उनका मेहनत और समर्पण न केवल कोरबा बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

इस 12 दिवसीय कैंप में देशभर के 17 एनसीसी निदेशालयों से चुनिंदा कैडेट्स ने



हिस्सा लिया। यहां शारीरिक क्षमता, मानसिक सजगता और नेतृत्व कौशल की कठिन परीक्षा ली गई। 1 छ.ग. बटालियन कोरबा से चयनित 6 कैडेट्स ने पहले सीजी-एमपी की 60 बटालियन के स्तर पर आयोजित विभिन्न कैंपों की चुनौतियों को पार कर दिल्ली में जगह बनाई थी।

सम्मान समारोह में यूनिट के सभी स्टाफ के साथ ही शासकीय ईव्ही पीजी कॉलेज कोरबा, ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार और आईटीआई कोरबा के एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट्स मौजूद रहे और विजेता कैडेट्स को बधाई दी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के एक वर्ष पूर्ण

**अंगीकार -2025 अभियानः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें: महापौर**

**प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया आवास दिवस**




**संवाददाता** कोरबा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना-यू आवास दिवस के अवसर पर कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें, सभी नागरिकों को रहने हेतु पक्के व सुविधायुक्त मकान उपलब्ध हों, इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना भाग-01 एवं 02 का ऐतिहासिक रूप से क्रियान्वयन देश व प्रदेश में किया गया है, जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, वर्षो से टूटे-फूटे कच्चे मकानों व झोपड़ियों में रहने वाले हमारे भाई-बहनों को इसी योजना की बदौलत पक्के आवासगृहों की सुविधा प्राप्त हो सकी है। यहॉ उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी 2.0 के साथ अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अभिसरण हेतु व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से 04 सितम्बर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक '' अंगीकार 2025 '' अभियान का संचालन कराया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ प्रदान किया जा सके। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप '' अंगीकार 2025 '' अभियान के तहत आज 17 सितम्बर 2025 को पी.एम.ए.वाई.-यू 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आवास दिवस का आयोजन किया गया।

## बालको ने आदिशिल्पी विश्वकर्मा की आराधना पर दोहराया सुरक्षा और प्रगति का संकल्प



कोरबा- संवाददाता।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न की। रंग-बिरंगे पंडालों, आकर्षक सजावट और गूंजते जयघोष से पूरा संयंत्र परिसर भक्ति और उमंग से सराबोर हो उठा।

सुबह से ही संयंत्र की विभिन्न इकाइयों और कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की स्थापना की गई, जहाँ कंपनी के सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका कामगारों ने मिलकर पूजा-अर्चना की। सभी ने मिलकर कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया। विश्वकर्मा पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि बालको की कार्यसंस्कृति का प्रतीक है। भगवान विश्वकर्मा को सृजन और नवाचार का देवता माना जाता है, और यही भावना बालको के हर कार्य में दिखाई देती है। उनके आदर्श कंपनी की जीरों हार्म नीति, सुरक्षित कार्यस्थल की संस्कृति तथा सतत प्रगति के दृष्टिकोण को सशक्त बनाते हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती हमें यह सिखाती है कि हर सृजन तभी सार्थक होता है, जब उसमें सुरक्षा, देखभाल और जिम्मेदारी जुड़ी हो। भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से बालको निरंतर नवाचार और प्रगति की ओर बढ़ रहा है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक कर्मचारी का कार्य और प्रयास ही हमारी सामूहिक सफलता की नींव है। कंपनी औद्योगिक विकास के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# संबोधन का सीधा प्रसारण हुआ, एचटीपीएस में देखा व सुना गया

**कोरबा ।** धार (मप्र.) में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का सीधा प्रसारण हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के विद्युत संयंत्र परिसर में किया गया। विद्युतकर्मियों एवं श्रमिकों के साथ मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना। पॉवर कंपनी मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार यहां सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अवधि में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के पहले दिन अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन, राजेश पांडेय, केएनबी राव एवं महिमा मिंज समेत अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गौधाम संचालन के लिए आवेदन 30 तक आमंत्रित

**कोरबा**। कोरबा जिले में गौधाम संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थानों, एनजीओ, गौशालाओं से ''रुचि की अभिव्यक्ति '' 30 सितंबर 2025 दोपहर 3 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तु गौ वंशीय पशुओं तथा जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा।

गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरुप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयननियंत्रण, अनुसरण, अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन, पात्रता, कार्यकाल, दायित्व मानव



संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, कलेक्टोरेट परिसर कोसाबाड़ी, आईटीआई रामपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। आवेदन हेतु प्रपत्र 07 तथा गौधाम योजना के दिशा निर्देश कोरबा जिले के वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट इन ;से भी प्राप्त किया जा सकता है।

## नशेड़ियों ने कटर से किया हमला, पुलिस ने 7-8 आरोपियों को दबोचा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कटरबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो सामाजिक सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। इसी कड़ी में आज भिलाई के शारदा पारा कैम्प 2 इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। यहां नशे में धुत सात से आठ असामाजिक तत्वों ने एक युवक पर जमकर कटर चलाया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, शारदा पारा कैम्प 2 निवासी सन्दीप साहू (उम्र करीब 30 वर्ष) अपने घर के सामने गली में खड़े थे। तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके सामने गाली-गलौज शुरू कर दी। सन्दीप ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो नशे के आगोश में डूबे ये लड़के भड़क गए। गुस्से में आकर उन्होंने सन्दीप पर कटर से कई वार किए, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। घटना के दौरान आसपास के लोग दहशत में भाग खड़े हुए, लेकिन किसी ने हिम्मत दिखाकर सन्दीप को तुरंत नजदीकी लाल बहादुर शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों ने बताया कि सन्दीप को कई घाव आए हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी नशे के नशे में थे और इलाके में पहले भी छोटे-मोटे झगड़ों के लिए कुख्यात रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही छावनी थाना पुलिस हरकत में आ गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने फरार आरोपियों को महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी गाली-गलौज को लेकर भड़कने की बात कबूल कर चुके हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से कटर बरामद किया है और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी दुर्ग ने कहा कि अपराधियों के खिलाफसख्ती बरती जाएगी और इलाके में गश्त बढ़ाई जाएगी। यह घटना दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में बढ़ती कटरबाजी और नशे की प्रवृत्ति को उजागर करती है। हाल ही में जिले में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें आपसी विवाद से हिंसा भड़क रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से नशा मुक्ति अभियान चलाने और सख्त निगरानी की मांग की है।

## कांग्रेस हमेशा आदिवासी समाज को अपमानित करती रही है - केदार कश्यप

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की रायपुर संभाग स्तरीय बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विकास मरकाम ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा को एक नई ऊँचाई तक पहुँचाया है। विपक्ष में रहते हुए मोर्चा ने सरकार के खिलाफ लगातार आवाज उठाई और कांग्रेस की भूपेश सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज का अपमान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर आदिवासी नेता लगातार उपेक्षित होते रहे हैं और कांग्रेस ने कभी भी आदिवासी समाज की भावनाओं की परवाह नहीं की। अजजा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में वे लंबे समय से पार्टी के विभिन्न मोर्चों पर सक्रिय रहे हैं। पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर वे खरा उतरने का विश्वास दिलाते हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर मजबूत भाजपा और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करेंगे। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि भाजपा ने हमेशा आदिवासी समाज का सम्मान किया है। वे खुद को समाज का बेटा मानते हैं और जिस स्थान तक पहुँचे हैं, वह समाज के आशीर्वाद और स्नेह से संभव हुआ है।

## पीएम मोदी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल पर भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने आज यहां टाऊन हॉल में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक एवं सफलतम कार्यकाल पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाले महान कार्यों की अनूठी झलकियां प्रदर्शित की गई हैं, जिन्होंने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है।

प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन बदला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल मोदी जी के योगदान को रेखांकित करती है, बल्कि युवाओं को प्रेरित करने का माध्यम भी बनेगी। प्रदर्शनी में डिजिटल पैनल, इंटरएक्टिव मॉडल और वीडियो गैलरी के माध्यम से पीएम के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को दर्शाया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच इसका जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। देव ने लोगों से अपील की कि वे इस प्रदर्शनी का अवलोकन करें और मोदी जी के विजन को मजबूत करने में योगदान दें।

# भूपेश बघेल के बेटे का नाम ईडी की रिपोर्ट में, अफसर-नेता-कारोबारी मिलकर चला रहे थे अवैध कारोबार



रायपुर›

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया चार्जशीट ने छत्तीसगढ़ की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में सामने आया है कि पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान एक संगठित समूह ÷बिग बॉस ग्रुप÷ नाम से सक्रिय था। इस समूह में वरिष्ठ अधिकारी, नेता, कारोबारी, और यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल और उसके नजदीकी भी शामिल थे।

ईडी के अनुसार, यह गिरोह शराब, कोयला और सट्टे जैसे क्षेत्रों में अरबों रुपये की अवैध कमाई कर रहा था। इतना ही नहीं, यह नेटवर्क ईमानदार अधिकारियों को निशाना बनाकर उनके खिलाफ झूठे आरोप गढने और उनकी छवि खराब करने की साजिशें भी रचता था। चार्जशीट में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनमें वरिष्ठ अधिकारी अनिल टूटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, सौम्या चौरसिया, नेता अनवर धेबर, कावासी लखमा और कुछ डिस्टिलरी मालिकों का उल्लेख है। ये सभी मिलकर भ्रष्टाचार का एक मजबूत जाल चला रहे थे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यह गिरोह फिल्मी कहानियों और काल्पनिक घटनाओं को आधार बनाकर अफसरों के खिलाफ झूठी जानकारी फैलाता था। एक विवादित आईपीएस अधिकारी की फर्जी डायरी को भी इसमें इस्तेमाल किया गया ताकि ईमानदार अधिकारियों पर दबाव बनाया जा सके। ईडी का दावा है कि इस नेटवर्क ने न सिर्फ सरकारी सिस्टम को भ्रष्ट किया, बल्कि आम जनता का सरकारी व्यवस्था पर भरोसा भी कमजोर कर दिया। इस पूरे मामले का असर राज्य की साख पर पड़ा है, जिससे छत्तीसगढ़ की छवि राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित हुई है।

## एसबीआई योनो-एप अपडेट तथा ई-चालान के नाम पर लाखों की सायबर ठगी

रायपुर ।

**देश में साइबर फ्रॉड का मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। सायबर ठग बैंक के ऐप को अपडेट करने,ई चालान की जानकारी देने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कारणों से व्हॉटसएप या मैसेज कर लोगों को आसानी से अपना निशाना बना रहे है। ऐसा ही दो मामलों में ठगों ने राजधानी के एक रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर व एक महिला से लगभग 6 लाख रूपये की ठगी कर ली। रायपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ई-चालान के नाम पर हो रही ठगी को लेकर अब परिवहन विभाग ने एडवाइजरी भी जारी की है।**

राजधानी रायपुर के एक रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर के साथ साइबर फ्रॉड का मामला प्रकाश में आया है। योनो एसबीआई ऐप अपडेट करने के बहाने लिंक भेज कर अधिकारी के फ ोन को हैक कर अधिकारी के अकाउंट से रुपए पार कर लिए। वहीं एक अन्य महिला भी ठगी का शिकार हुई है। इस तरह दोनों मामलों में 6 लाख से अधिक के ठगी किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस तफ्तीश कर रही है। ठगी के शिकार पुलिस अधिकारी उन्नी नायर ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हुआ है। 7 अगस्त 2025 को उनके मोबाइल पर योनो एसबीआई एप को अपडेट करने के लिए मैसेज आया। उन्होंने लिंक को क्लिक किया और अपडेट करने की कोशिश की। इस दौरान दो से तीन बार ओटीपी आया लेकिन उसने शेयर नहीं किया। वहीं ठगी की शिकार महिला अर्चना भदौरिया ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि 15 सितंबर को उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिसमें लिखा था कि 1000 चालान काटा गया है। उन्होंने लिंक को क्लिक किया कुछ देर बाद मैसेज ऑटोमेटिक डिलीट हो गया। 17 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे उन्हें मैसेज आया। इसके बाद 5 लाख 12 हजार रुपए कटने का मैसेज आया। ठग ने उनके बैंक खाते को खाली कर दिया था। उन्होंने पुलिस में शिकायत दी जिसमें बताया है कि किसी ने फ ोन हैक कर उनके साथ साइबर फ्रॉड किया है। इस मामले में टिकरापारा पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि वाट्सअप पर लिंक जारी कर और कॉल के जरिए घटना को अंजाम दिया गया है। दोनों मामलों में ठगों ने करीब 6 लाख रुपए पार कर लिए है।

### परिवहन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

लगातार ठगी की शिकायतों की वजह से परिवहन विभाग ने वेबसाइट पर एडवाइजरी जारी की है। साइबर ठग नकली ई-चालान के नाम पर मोबाइल पर डराने वाले मैसेज भेज रहे हैं। इनमें दिए गए लिंक या (डॉट एपीके फाइल) पर क्लिक कराकर लोगों की निजी जानकारी और बैंक खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि किसी भी वाहन चालक को असली ई-चालान की जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट ईचालान डॉट परिवहन डॉट इन पर ही मिलेगी। ई-चालान पेज पर जाकर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर, चालान नंबर और कैप्चा डालना होगा। इसके बाद मोबाइल पर आने वाले ओटीपी के जरिए ही चालान विवरण देखा जा सकता है।

## मृत उप अभियंता का जारी किया तबादला आदेश, संशोधित सूची जारी

**बालोद ।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। विभाग ने हाल ही में जारी तबादला आदेश में एक ऐसे उप अभियंता का नाम शामिल कर लिया, जिनकी मृत्यु दो महीने पहले ही हो चुकी थी। यह मामला दल्लीराजहरा नगर पालिका में पदस्थापित उप अभियंता योगानंद सोम से जुड़ा है, जिन्हें नगर पंचायत तुमगांव में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया था। जानकारी के अनुसार, तबादला सूची जारी होने के बाद जब संबंधित अधिकारियों ने आदेश की पुष्टि की, तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। योगानंद सोम का निधन जुलाई 2025 में ही हो गया था, लेकिन विभागीय रिकॉर्ड में उनका नाम अभी भी सक्रिय कर्मचारी के रूप में दर्ज था। इस गंभीर चूक ने न केवल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि प्रशासनिक रिकॉर्ड प्रबंधन की खामियों को भी उजागर कर दिया है। स्थानीय स्तर पर इस घटना ने हड़कंप मचा दिया है, और कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि यह त्रुटि रिकॉर्ड अपडेट न होने के कारण हुई, जिसमें मृत्यु प्रमाण-पत्र की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंचने में देरी हो गई।

## जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार, देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर के थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत तेंदुआ में एक युवक पर जानलेवा हमले करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे का पाईप, देशी कट्टा, जिंदा कारतूस एवं मोटर सायकल जप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुदेश नगर उरला निवासी प्रार्थी प्रकाश साहू ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका पुत्र अजय साहु उर्फ जागेश्वर साहू अपने दोस्त अजय वर्मा, अच्छु उर्फ चिचड, गोलु उर्फ मण्डला एवं राजू धृतलहरे के साथ घुमने गया था। प्रार्थी के पुत्र अजय साहु उर्फ जागेश्वर के दोस्त विकाश वर्मा ने उसे बताया कि दिनांक 14.09.25 को रात्रि के समय करीबन 11 बजे अजय साहू आमानाका क्षेत्रांतर्गत तेन्दुवा रामा टीएमटी के पास घायल अवस्था में पडा था, जिसे वह बीरगांव स्थित एक अस्पताल भर्ती कराया है तथा उसके सिर मे गंभीर चोट लगा है। जिस पर प्रार्थी अस्पताल जाकर देखा तो उसका पुत्र अजय साहू बातचीत नहीं कर रहा था, बेहोश था और उसके सिर में गंभीर चोट था। किसी अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी के पुत्र अजय साहू की हत्या करने की नियत से किसी हाथियार से उसके सिर में मारकर प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाया था, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में धारा 109, 3(5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में विकास की रफ्तार तेज, 5 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से केराकोना

### बैगाटोली मार्ग ईब नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य शुरू

जशपुर ।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जिले में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दी है। इसी कड़ी में 5 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से अब केराकोना से बैगाटोली मार्ग पर ईब नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है।

उच्च स्तरीय पुल निर्माण हो जाने से राहगीरों को मिलेगी बड़ी राहत

इस पुल के बन जाने से राहगीरों को आवागमन में सुगमता होगी। लंबे समय से ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को बारिश के मौसम में नदी पार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पुल के निर्माण से अब लोगों को सालभर सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

अप्रैल 2026 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस पुल और पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसे अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक पुलों की मिली मंजूरी

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से जिले में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण को मंजूरी दी जा चुकी है। इन पुलों के बनने से सैकड़ों गाँव सीधे मुख्य मार्गों और बाज़ारों से जुड़ेंगे, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में गति आएगी।

क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

ईब नदी पर पुल निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल उनके जीवन में नई राह खोलेगा और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

## छोटी बहन की हत्या के मामले में बड़ी बहन को उम्रकैद की सजा

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के पतरापाली गांव में दो बहनों के बीच घरेलू काम को लेकर हुआ झगड़ा दर्दनाक हत्या में बदल गया। अप्रैल 2024 में हुई इस घटना में बड़ी बहन नेहा कुमारी महतो (उम्र 20 वर्ष) ने अपनी छोटी बहन रंजिता कुमारी की खलबट्टे से सिर पर वार कर हत्या कर दी। कोर्ट ने अब इस मामले में फैसला सुनाते हुए नेहा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पतरापाली निवासी दिनदयाल महतो की तीन बेटियां थीं। सबसे बड़ी बेटी रेखा की शादी हो चुकी है, जबकि नेहा और रंजिता अपने माता-पिता के साथ ही रहती थीं। नेहा घर के रसोई और अन्य घरेलू काम संभालती थी, जबकि रंजिता सिलाई का काम करती थी। घटना 24 अप्रैल 2024 की रात की है। रात 9 बजे नेहा ने रंजिता से खाना बनाने और लौकी छीलने को कहा, लेकिन रंजिता ने मना कर दिया। इस बात पर दोनों में विवाद हुआ। नेहा ने गुस्से में आकर कहा कि अगर खाना नहीं बनाएगी, तो खाना भी मत खाना। इसके बाद नेहा ने अकेले खाना बना लिया। कुछ देर बाद रंजिता ने तंज कसते हुए कहा कि वह खाना खा चुकी है और कमरे में जाकर सो गई। इससे नेहा और ज्यादा भड़क गई। उसने अपने पिता को दुकान से शक्कर लाने भेजा और मौका देखकर रसोई में रखे लोहे के खलबट्टे से सो रही बहन के सिर पर वार कर दिया। रंजिता के चीखने पर उसकी मां जाग ना जाए, इस डर से उसने दोबारा कई बार वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद नेहा ने रंजिता के शरीर को कंबल से ढक दिया और कमरे की लाइट बंद कर दी। फिर अपनी मां को उठाया और उनके साथ खाना खाया। मां के पूछने पर उसने झूठ कहा कि रंजिता खाना खाकर सो गई है। मां के ड्यूटी पर जाने के बाद नेहा मृत बहन के साथ ही कमरे में रही। अगले दिन सुबह उसने अपने पिता को रंजिता को उठाने भेजा, तभी पूरे मामले का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही कोतरा रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को नेहा पर संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर नेहा ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन की अदालत में हुई, जहां अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक पी.एन. गुप्ता ने पैरवी की। सभी सबूतों और गवाहों के आधार पर अदालत ने नेहा कुमारी महतो को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूत मिटाने की कोशिश) के तहत दोषी पाते हुए उम्रकैद और आर्थिक जुर्माने की सजा सुनाई।

# पामगढ़ विधायक के कथित ऑडियो पर भाजपा ने साधा निशाना

### साथ ही एक अन्य व्यक्ति को 1 लाख रुपये देने की बात भी कही गई है

**रायपुर।** पामगढ़ की कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश के वायरल ऑडियो क्लिप को लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय ने इस पूरे मामले को कांग्रेस के भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र का शर्मनाक उदाहरण बताया है। शताब्दी पाण्डेय ने कहा कि वायरल ऑडियो में जिस तरह खुलेआम रेत खनन के सौदे में लेन-देन की बात की जा रही है, वह कांग्रेस के डीएनए में गहराई तक फैले भ्रष्टाचार की एक और बानगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा राजनीतिक इतिहास घोटालों और कलंक कथाओं से भरा पड़ा है।



पाण्डेय ने आगे कहा कि भूपेश बघेल की सरकार के पांच साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था, और उस समय कई नेता इसमें शामिल रहे। आज वे या तो जेल में हैं या जमानत की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अब सत्ता से बाहर होने के बाद भी अपने पुराने तौर-तरीकों से बाज नहीं आ रही है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार, वायरल ऑडियो में पामगढ़ की विधायक कथित रूप से रेत कारोबारियों से हर महीने 10 लाख रुपये की मांग करती सुनाई देती हैं – जिसमें 5 लाख खुद के लिए और 2-2 लाख कलेक्टर और स्थरू के लिए मांगे गए। साथ ही एक अन्य व्यक्ति को 1 लाख रुपये देने की बात भी कही गई है। भाजपा ने कहा कि यह ऑडियो कांग्रेस के उस चरित्र पर मुहर लगाता है, जो पार्टी फंड तक में भ्रष्टाचार करने से नहीं चूकती। पाण्डेय ने सवाल उठाया कि विपक्ष में रहते हुए भी अगर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इस तरह के सौदे कर रहे हैं, तो सत्ता में रहते हुए हालात क्या होंगे, इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

## सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं मसंद ने ज्योतिर्मठ शंकराचार्य से जुड़ने का आह्वान किया

**रायपुर।** ज्योतिर्मठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से जुड़े सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं जलकुमार मसंद साहिब ने हाल ही में बिलासपुर प्रवास के दौरान समाज के संतों व नेताओं को शंकराचार्य जी के सान्निध्य का लाभ उठाने का आह्वान किया। परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री साईं मसंद ने कहा कि यह जुड़ाव न केवल सिंधी समाज के वर्तमान और भविष्य को सुखद व सुरक्षित बनाएगा, बल्कि देश, धर्म व जगत कल्याण के लिए भी आवश्यक है।

16 और 17 सितंबर को बिलासपुर के दो दिवसीय प्रवास के दौरान साईं मसंद ने मांढर वाली माता के जन्मोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने उत्सव में शामिल श्रद्धालुओं को सनातन वैदिक ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला। अगले दिन 17 सितंबर को सेंट्रल सिंधी पंचायत, वार्ड पंचायतों तथा समाजसेवी एवं धार्मिक संगठनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ धाम के जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज से जुड़ने के औचित्य पर विस्तार से चर्चा की। साईं मसंद ने बताया कि ढाई हजार वर्ष पूर्व आदि शंकराचार्य महाराज ने चार पीठों के दायित्व विभाजन में सिंध वासियों का दायित्व ज्योतिर्मठ के अंतर्गत निर्धारित किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानव जीवन का प्रत्येक कार्य–व्यक्तिगत या सामाजिक–सनातन वैदिक ज्ञान के अनुरूप होना चाहिए। यह ज्ञान न केवल जीवन को सुखमय व आनंदमय बनाने के लिए जल, थल व नभ से जुड़ी आवश्यकताओं की दार्शनिक, वैज्ञानिक व व्यवहारिक पूर्ति सुझाता है, बल्कि ईश्वर प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करता है। शंकराचार्य ऐसे सनातन वैदिक ज्ञान के कथनी व करनी के सर्वोच्च आदर्श हैं, इसलिए उनका सान्निध्य प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रवास के दौरान साईं मसंद ने बिलासपुर के पुराने साथियों से भी भेंट की।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)